रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-17102020-222521
CG-DL-E-17102020-222521

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3239] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 16, 2020/आश्विन 24, 1942
No. 3239] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 16, 2020/ASVINA 24, 1942

गृह मंत्रालय

(जम्मू, कश्मीर और लद्दाख कार्य विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 16 अक्तूबर, 2020

का.आ. 3654(अ).—केन्द्रीय सरकार, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 96 द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के सम्बन्ध में निम्नलिखित आदेश जारी करती है, अर्थात:-

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र पुनर्गठन (राज्य विधियों का अनुकूलन) चौथा आदेश, 2020 है।

(2) यह तुरंत प्रभाव से प्रवृत्त होगा।

2. साधारण खंड अधिनियम, 1897 इस आदेश के निर्वचन के लिए वैसे ही लागू होगा जैसे यह भारत राज्य क्षेत्र में प्रवृत्त विधियों के निर्वचन के लिए लागू होता है।

3. तत्काल प्रभाव से, इस आदेश की अनुसूची में उल्लिखित अधिनियम, जब तक सक्षम विधानमंडल या अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा निरसित या संशोधित नहीं किया जाता है, उक्त अनुसूची द्वारा निदेशित अनुकूलनों और उपांतरणों के अधीन रहते हुए प्रभावी होंगे या यदि इस प्रकार निदेशित किया गया है, तो निरसित हो जाएंगे।

4. जहां इस आदेश में ऐसा अपेक्षित है कि किसी अधिनियम की किसी निर्दिष्ट धारा या अन्य भाग में, कतिपय अन्य शब्दों के स्थान पर कतिपय शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे या कतिपय शब्दों का लोप किया जाएगा वहां, यथास्थिति, ऐसा प्रतिस्थापन या लोप, वहां के सिवाय जहां अन्यथा अभिव्यक्त रूप से उपबंधित है, जहां कहीं विर्निष्ट शब्द उस धारा या उसके भाग में आते हैं, किया जाएगा।

5. इस आदेश के ऐसे उपबंध, जो किसी विधि का अनुकूलन करते हैं, या उसका रूपांतरण करते हैं या उसका निरसन करते हैं जिससे उसे ऐसी रीति में परिवर्तित किया जा सके जिसमें ऐसा प्राधिकार जिसके द्वारा या ऐसी विधि जिसके अधीन या जिसके अनुसार ऐसी कोई शक्तियां प्रयोक्तव्य हों, 31 अक्तूबर, 2019 से पहले सम्यक रूप से जारी की गई किसी अधिसूचना, किए गए आदेश, की गई प्रतिबद्धता, कुर्की, बनाई गई उपविधि, बनाए गए नियम या विनियम को या सम्यक रूप से की गई किसी बात को अविधिमान्य नहीं बनाएंगे; और ऐसी किसी अधिसूचना, आदेश, प्रतिबद्धता, कुर्की, उपविधि, नियम या विनियम या किसी बात का वैसी ही रीति में, वैसे ही विस्तार तक, और वैसी ही परिस्थितियों में प्रतिसंहरण, फेरफार या अकृत किया जा सकेगा मानों वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस आदेश के प्रारंभ के पश्चात और ऐसे मामले को उस समय लागू उपबंधों के अनुसार बनाया गया हो, जारी किया गया हो या किया गया हो।

6. इस आदेश की अनुसूची में निर्दिष्ट किसी भी विधि का निरसन या संशोधन —

(क) इस प्रकार निरसित किसी विधि के पूर्ववर्ती प्रवर्तन या उसके अधीन सम्यक रुप से की गई या सहन की गई किसी बात को;

(ख) इस प्रकार निरसित किसी विधि के अधीन अर्जित, प्रोद्भूत या उपगत किसी अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता या दायित्व को;

(ग) इस प्रकार निरसित किसी विधि के विरुद्ध कारित किसी अपराध के संबंध में उपगत किसी शास्ति, समपहरण या दंड को;

(घ) यथापूर्वोक्त किसी ऐसे अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता , दायित्व शास्ति, समपहरण या दंड के संबंध में कोई अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार को,

प्रभावित नहीं करेगा और ऐसे किसी अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार को वैसे ही संस्थित, जारी या प्रवर्तित किया जा सकेगा और ऐसी किसी शास्ति, समपहरण या दंड को वैसे ही अधिरोपित किया जा सकेगा मानो जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) या यह आदेश पारित या जारी नहीं किया गया हो ।

अनुसूची

(पैरा 3 देखें)

राज्य विधियां

1. जम्मू-कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989

(1989 का 9)

जब तक अन्यथा उपबंधित न हो, पूरे अधिनियम में, "सिविल प्रक्रिया संहिता, संवत 1977", "दंड प्रक्रिया संहिता, संवत 1989", "सरकार", "सरकार का राजपत्र" और "राज्य" शब्दों के स्थान पर, जहां कही वे आते हैं, क्रमशः "सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5)", "दंड प्रक्रिया संहित, 1973 (1974 का 2), "जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र सरकार", "राजपत्र" और "जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र" रखें।

धारा **1.**- उप-धारा **2** में, **"**संपूर्ण जम्मू-कश्मीर राज्य**"** को **"**संपूर्ण जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र रखें"।

धारा **2. – (i)** खंड (ङ) में उपखंड (iii) के स्थान पर निम्नलिखित रखें:-

"iii. जिला विकास परिषद्;

iv. जिला स्कीम समिति"

(ii) खंड (छ) के स्थान पर निम्नलिखित रखें:-

"(छ) "जिला विकास परिषद्" से इस अधिनियम के अधीन गठित जिला विकास परिषद्" अभिप्रेत है;

(छछ) "जिला स्कीम समिति" से इस अधिनियम के अधीन गठित "जिला स्कीम समिति" अभिप्रेत है"।

(iii) खंड (डड) का लोप करें।

(iv) खंड (प) में उपखंड **(ii)** के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा:-

"(ii) जिला विकास परिषद।"

धारा **2** के पश्चात नई धारा 2क का अंत:स्थापन –

कतिपय शब्दों का प्रतिस्थापन	“2-क. पूरे अधिनियम में, “जिला स्कीम और विकास बोर्ड” के स्थान पर, जहां कहीं वे आते हैं, “जिला विकास परिषद” रखें”।

अध्याय I के पश्चात नए अध्याय 1क का अंत:स्थापन -

“अध्याय I-क

वार्ड मजलिस और हल्का मजलिस

वार्ड मजलिस (वार्ड सभा)

3-क. -**(1)** धारा **2** की उपधारा **(2)** के खंड (च) के उपबंधों के अनुसार यथाअवधारित हलका पंचायत के प्रत्येक वार्ड के लिए एक वार्ड मजलिस होगी।

(2) वार्ड के सभी वयस्क व्यक्ति जिनका नाम हलका पंचायत से संबंधित मतदाता सूची में शामिल है, को ऐसी हलका पंचायत के वार्ड मजलिस का सदस्य समझा जाएगा।

(3) वार्ड मजलिस की तीन महीने में कम से कम एक बार बैठक होगी और वार्ड मजलिस की बैठक का संचालन ऐसे किया जाएगा, जो विहित किया जाए।

(4) वार्ड मजलिस की बैठक पंच की अध्यक्षता में या उसकी अनुपस्थिति में बैठक में उपस्थित सदस्यों के बहुमत द्वारा इस इद्देश्य से, निर्वाचित वार्ड मजलिस के एक सदस्य की अध्यक्षता में होगी।

(5) वार्ड मजलिस की बैठक की गणपूर्ति कुल सदस्यों के दसवें भाग से कम नहीं होगा, जिसमें से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और महिलाओं से संबंधित सदस्य उनकी जनसंख्या के अनुपात में होंगे।

(6) इस धारा के अधीन आयोजित बैठक में किसी भी विषय के संबंध में सभी प्रस्ताव उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा पारित किए जाएंगे।

(7) उपधारा (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, वार्ड के मतदाताओं के कम से कम दस प्रतिशत द्वारा बैठक के स्थान पर विषय निर्दिष्ट करते हुए लिखित में अनुरोध किए जाने पर वार्ड मजलिस की एक विशेष बैठक बुलाई जाएगी:

परंतु तीन महीने की अवधि के भीतर दो विशेष बैठकें नहीं होंगी।

वार्ड मजलिस के कृत्य

3-ख. - वार्ड मजलिस का कृत्य अपने संबंधित अधिकारिता में देह मजलिस की सहायता करना होगा और जिसमें निम्नलिखित कृत्य भी शामिल होंगे, अर्थात्:-

(i) विकास स्कीमें बनाए, के लिए आवश्यक विवरणों के संग्रह और संकलन में हलका पंचायत को सहायता प्रदान करना;

(ii) वार्ड मजलिस के क्षेत्र में कार्यान्वित होने वाली विकास स्कीमों और कार्यक्रमों के प्रस्तावों को तैयार करना और प्राथमिकता तय करना;

(iii) वार्ड मजलिस के क्षेत्र से संबंधित विकास स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए प्राथमिकता के क्रम में लाभार्थियों की पहचान करना;

(iv) विकास स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करना;

(v) सार्वजनिक उपयोगिताओं, सुविधाओं और सेवाओं जैसे स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक जल के नलों, सार्वजनिक कुओं, सार्वजनिक स्वच्छता इकाइयों, सिंचाई सुविधाओं, आदि के स्थान के संबंध में सुझाव देना;

(vi) स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सावधानी, आदि जैसी सार्वजनिक हित के मामलों पर स्कीमें बनाना और जागरूकता लाना;

(vii) लोगों के विभिन्न समूहों के बीच सद्भाव और एकता को बढ़ावा देना;

(viii) सरकार से पेंशन और सब्सिडी जैसी विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की पात्रता का सत्यापन;

(ix) क्षेत्र में किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों के प्राक्कलन ब्यौरे के बारे में जानकारी एकत्र करना;

(x) क्षेत्र में कार्यान्वित सभी कार्यों में सामाजिक संपरीक्षा करना और ऐसे कार्यों के लिए उपयोग पुरस्कार और पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान करना;

(xi) साक्षरता, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल देखभाल और पोषण को बढ़ावा देना;

(xii) क्षेत्र में अभिभावक-शिक्षक संघों की गतिविधियों में सहायता करना; और

(xiii) ऐसे अन्य कार्य करना जो विहित किए जाएं।

हल्का मजलिस (ग्राम सभा)

3ग. - (1) प्रत्येक हलका पंचायत के लिए एक हलका मजलिस होगी जिसमें ऐसे व्यक्ति शामिल होंगे जिनका नाम हलका पंचायत के क्षेत्र के भीतर गांव या गांव के समूह से संबंधित मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

(2) हलका मजलिस की बैठकें पंचायत के सरपंच द्वारा या, उनकी अनुपस्थिति में, ऐसी पंचायत के नायब-सरपंच द्वारा बुलाई जाएगी, और सरपंच और नायब-सरपंच दोनों के अनुपस्थित होने की स्थिति में, हलका पंचायत की बैठक की अध्यक्षता हलक़ा पंचायत द्वारा प्राधिकृत एक पंच एक द्वारा की जाएगी।

(3) हलका मजलिस की बैठक बुलाने और संचालित करने की प्रक्रिया वह होगी, जो विहित किया जाए।

(4) प्रत्येक वर्ष में हलक़ा मजलिस की कम से कम चार बैठकें होंगी, वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही में एक बैठक होगी।

परंतु अति-आवश्यक मामले में, हलका मजलिस की बैठक इस निमित्त विहित ऐसी प्रक्रिया के अनुसार पहले बुलाई जा सकती है।

(5) पंचायत का सचिव हलका मजलिस पंचायत की बैठक का कार्यवृत्त अभिलिखित करेगा और और संबंधित क्षेत्र का पंचायत निरीक्षक ऐसी सभी बैठकों में भाग लेगा और पंचायत सचिव द्वारा ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त के सही अभिलेखन के लिए जिम्मेदार होगा।

(6) हलका मजलिस की बैठक का गणपूर्ति कुल सदस्यों के दसवें भाग से कम नहीं होगा, जिसमें से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला से संबंधित सदस्य अपनी जनसंख्या के अनुपात में होंगे।

(7) इस धारा के अधीन हलका मजलिस को सौंपे गए मामलों से संबंधित कोई भी प्रस्ताव, हलका मजलिस की बैठक में उपस्थित और मतदान कर रहे सदस्यों के बहुमत से पारित किया जाएगा।

हल्का मजलिस के कार्य

3 घ. – हल्का मजलिस का कृत्य अपने संबंधित अधिकारिता में हल्का पंचायत की सहायता करना होगा और इसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:-

(i) सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए, पंचायत द्वारा ऐसी स्कीमों, कार्यक्रमों और परिस्कीम ओं का कार्यान्वयन शुरू करने से पहले वार्ड मजलिस द्वारा अनुमोदित स्कीम ओं, कार्यक्रमों और परिस्कीमों में से प्राथमिकता क्रम में स्कीमों, कार्यक्रमों और परिस्कीमों को अनुमोदित करना;

(ii) विभिन्न वार्ड मजलिसों द्वारा उनकी अधिकारिता में आने वाले पहचाने गए व्यक्तियों में से, गरीबी उन्मूलन और अन्य कार्यक्रमों के अधीन प्राथमिकता के क्रम में लाभार्थियों के रूप में व्यक्तियों को पहचान या चयन करना;

(iii) वार्डों में विभिन्न स्कीमों के अधीन उपयोग किए गए धन के संबंध में विहित प्रक्रिया के अनुसार सामाजिक संपरीक्षा का संचालन करना;

(iv) सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों के लिए स्वैच्छिक श्रम और वस्तु या नकद या दोनों रूपों में अंशदान जुटाना;

(v) साक्षरता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देना;

(vi) ऐसे क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों के बीच एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना;

(vii) किसी विशेष गतिविधि, स्कीम , आय और व्यय के बारे में सरपंच और पंचायत के सदस्यों से स्पष्टीकरण लेना;

(viii) वार्ड मजलिस द्वारा सुझाए गए कार्यों में से प्राथमिकता के क्रम में विकास कार्यों की पहचान और अनुमोदन करना;

(ix) लघु जल निकायों की स्कीम बनाना और उनका प्रबंधन;

(x) गौण वन उत्पादों का प्रबंधन करना;

(xi) सभी सामाजिक क्षेत्रों में संस्थानों और अधिकारियों पर नियंत्रण रखना;

(xii) आदिवासी उप-स्कीम सहित स्थानीय स्कीम ओं और ऐसी स्कीम ओं के संसाधनों पर नियंत्रण रखना;

(xiii) ऐसे पंचायत हलका के क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड मजलिस द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार और अनुमोदन करना; और

(xiv) ऐसे अन्य कार्य करना जो विहित किए जाएं।"।

धारा 4. - (i) उपधारा (2ख) में, "दो बैठकों" के स्थान पर "चार बैठकों" रखें;

(ii) उपधारा (3) के पहले परंतुक में, "उस पंचायत में पंच स्थानों की कुल संख्या" के स्थान पर "उस पंचायत में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले पंचायत स्थानों की कुल संख्या रखें";

(iii) उपधारा (3) में, "सरपंच सहित" को "सरपंच को छोड़कर" रखें;

(iv) उपधारा (3) के पश्चात निम्नलिखित अंतःस्थापित करे -

"(3-**क**) सरपंच का निर्वाचन हलका पंचायत के निर्वाचकों द्वारा ऐसी रीति से प्रत्यक्ष रूप से किया जाएगा, जो विहित किया जाए";

(v) उपधारा (4) में, "सरपंच और नायब-सरपंच" के स्थान पर "नायब-सरपंच" रखें"।

धारा **5.-** निम्नलिखित परंतुक अंतःस्थापित करें:-

"परंतु आकस्मिक रिक्ति भरने के लिए उपनिर्वाचन या चुनावों की स्थिति में, इस प्रकार निर्वाचित सरपंच, नायब सरपंच या पंच का कार्यकाल पंचायत के कार्यकाल के सह-विस्तारी होगा;

परंतु यह और कि यदि किसी कारण से पंचायत का गठन नहीं किया जाता है और उसके स्थान पर निर्वाचन होता है, तो इस प्रकार निर्वाचित सरपंच, नायब सरपंच या पंच का कार्यकाल ऐसे पंचायत को गठित मानते हुए पंचायतों के आम निर्वाचन के पश्चात पहले पंचायत की तारीख से बाकी कार्यकाल के बराबर होगा।"

धारा 6.- उपधारा (1) में:-

(i) खंड **(क)** का लोप करें; और

(ii) खंड **(i)** में, **"**जम्मू-कश्मीर अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, **1966"** के स्थान पर **"**अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, **1958 (1958** का 2**)"** रखें.

धारा **7. -** खंड (iv) में **"**छः लगातार बैठकें**"** के स्थान पर **"**तीन लगातार बैठकें**"** रखें ।

धारा 8.-(i) उपधारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखें:

"(1) जब भी पंच या सरपंच की मृत्यु या इस्तीफे के कारण रिक्ति होती है, तो रिक्ति को निर्वाचन द्वारा भरा जाएगा, परंतु ऐसी रिक्ति के स्थान पर शेष अवधि छह महीने से अधिक हो:

परंतु यह और कि इस प्रकार निर्वाचित पंच या सरपंच का कार्यकाल धारा **5** के उपबंधों के अनुसार होगा और यह कि निर्वाचन पंचायतों के स्थान पर आयोजित आम निर्वाचन के दौरान तैयार किए गए आरक्षण रोस्टर के अनुसार होगा, जहां इस तरह की रिक्तियां उत्पन्न हुई हैं या ऐसा निर्वाचन नहीं हो सका।"

(ii) उपधारा **(2)** में, "सदस्यों की कुल संख्या का 50%" के स्थान पर "निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या का 50%" रखें।

धारा **8**-क. लोप करें.

धारा **9** के स्थान पर निम्नलिखित अंतःस्थापित करें–

प्रशासक की नियुक्ति "**9 - (1)** (क) यदि सरकार का समाधान है कि ऐसी हलका पंचायत की स्थापना के तुरंत बाद निम्नलिखित कारणों से किसी गाँव या गाँवों के किसी समूह के स्थान पर हलका पंचायत का गठन नहीं किया जा सकता है -

(i) हलका पंचायत के सदस्यों का निर्वाचन कराने में किसी कठिनाई के कारण; या

(ii) इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन लगातार दो चुनावों में ऐसे सदस्यों का निर्वाचन करने में विफलता के कारण; या

(iii) किसी अन्य पर्याप्त कारण के कारण।

(ख) यदि हलका पंचायत के किसी भी आम निर्वाचन में, या तो कोई सदस्य निर्वाचित नहीं होता है या सरपंच निर्वाचित होता है लेकिन कोई अन्य सदस्य नहीं चुना जाता है, या अन्य सदस्य निर्वाचित होते हैं लेकिन सरपंच निर्वाचित नहीं होता है, तो सरकार अधिसूचना द्वारा एक प्रशासक नियुक्त करेगी, जो सरकार का कर्मचारी होगा:

परंतु इस प्रकार नियुक्त प्रशासक का कार्यकाल छह महीने की अवधि के लिए होगा, जिसे सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा तीन महीने की अवधि के स्थान पर बढ़ा सकती है।

(2) यदि सरकार, या इसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी, जिसका स्तर अपर जिला मजिस्ट्रेट से कम नहीं होगा, की राय में, कोई हलका पंचायत इस अधिनियम के किसी उपबंध, या अन्यथा सरकार के अनुदेशों के उपबंधों द्वारा या उसके अधीन उसे सौपें गए कार्यों के निष्पादन में अक्षम है या अपने कर्तव्यों के प्रदर्शन में लगातार चूक करता है, तो सरकार या ऐसा अधिकारी, सरकार की मंजूरी के पश्चात, अधिसूचना द्वारा, लोकपाल की सिफारिशों के आधार पर, ऐसी हलका पंचायत के अधिकारों का अधिक्रमण कर सकते हैं और एक प्रशासक नियुक्त कर सकते हैं, जो हलका पंचायत का काम करने के स्थान पर सरकार का कर्मचारी होगा:

परंतु इस उप-धारा के अधीन कोई भी आदेश तब तक पारित नहीं किया जाएगा, जब तक कि हलका पंचायत को इस आशय का कारण बताओ सूचना नहीं दिया जाता है कि ऐसा आदेश क्यों नहीं पारित किया जाए:

परंतु यह और कि हलका पंचायत द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण सरकार या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के विचार और सिफारिश के स्थान पर जम्मू-कश्मीर पंचायत लोकपाल अधिनियम, 2014 के अधीन नियुक्त लोकपाल के पास भेजा जाएगा।

(3) अधिक्रमण की अवधि छह महीने से अधिक नहीं होगी, जिसके दौरान उक्त हलका पंचायत के निर्वाचन कराया जाएगा।

(4) उपधारा (2) के अधीन नियुक्त प्रशासक ऐसी अवधि के स्थान पर पद धारण करेगा जो सरकार या उसके द्वारा इस प्रयोजन से प्राधिकृत अधिकारी उपधारा (1) या उपधारा (2) के अधीन अधिसूचना द्वारा निर्दिष्ट करे, किंतु यह छह महीने से अधिक नहीं होगी।

(5) उपधारा (2) के अधीन प्रशासक की नियुक्ति पर, -

(i) सभी व्यक्ति, जो इस तरह की नियुक्ति से पहले, यदि हो, हलका पंचायत के सरपंच सहित हलका पंचायत का सदस्य निर्वाचित हैं, हलका पंचायत के सदस्य नहीं रहे जाएंगे और हलका

पंचायत की सभी शक्तियों और दायित्वों का निर्वहन ऐसे प्रशासक द्वारा किया जाएगा;

(ii) अधिक्रमण की अवधि के दौरान हलका पंचायत में निहित धन और अन्य संपत्ति इस धारा के अधीन नियुक्त प्रशासक में निहित होगी।

(6) पूर्ववर्ती उपबंधों में निहित बातों के होते हुए, उप-नियमावली (1) और (2) के अधीन नियुक्त प्रशासक को इस अधिनियम के प्रयोजनों के स्थान पर हलका पंचायत माना जाएगा।"।

धारा **10**–लोप करें

धारा **11.-** "पदत्याग करने वाला और" के स्थान पर "अपने पद से त्यागपत्र दे देता है और ऐसे अधिकारी द्वारा उसके त्यागपत्र के स्वीकार किए जाने पर" रखें।

धारा **12** के स्थान पर निम्नलिखित अंतःस्थापित करें –

हलका पंचायत की शक्तियां और कृत्य

"12.—(1) हलका पंचायत अनुसूची I-क में विनिर्दिष्ट कार्यों का निष्पादन करेगी:

परंतु जहां सरकार अनुसूची **I**-क में विनिर्दिष्ट किसी कार्य के निष्पादन के स्थान पर धन मुहैया कराती है, वहां हलका पंचायत इस तरह के कार्य करने के स्थान पर सरकार द्वारा अवधारित मार्गदर्शक सिद्धांतों या मानदंडों के अनुसार कार्य करेगी।

(2) उपधारा (1) और अनुसूची **I**-क में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए, इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन, प्रत्येक हलका पंचायत का यह कर्तव्य होगा कि वह, अपने पास उपलब्ध निधि के अधीन, निम्नलिखित के स्थान पर धन का उपबंध करे:

(i) हलका मजलिस के परामर्श से हलका के विकास के स्थान पर स्कीम तैयार करने और समेकन हेतु उन्हें खंड विकास परिषद को समय पर प्रस्तुत करने हेतु;

(ii) विकास स्कीम ओं के कार्यान्वयन के स्थान पर उपाय करना;

(iii) विशेष रूप से मृदा संरक्षण, जल प्रबंधन, सामाजिक वानिकी, ग्रामीण औद्योगीकरण, कृषि, भेड़ और पशुपालन, स्वच्छता, स्वास्थ्य और अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों की समस्याओं का समाधान करने हेतु;

(iv) इमारतों, दुकानों और मनोरंजन घरों का विनियमन और घृणास्पद या खतरनाक व्यापार पर नियंत्रण;

(v) बूचरखानों का निर्माण और रखरखाव, बिक्री का विनियमन और मांस का संरक्षण और खाल और पशुचर्म का प्रसंस्करण;

(vi) मछली, सब्जियों और अन्य खराब होने वाले सामानों और खाद्य पदार्थों की बिक्री एवं परिरक्षण का विनियमन;

(vii) मेलों और त्योहारों का नियमन;

(viii) सरकार द्वारा समय-समय पर यथाअधिसूचित गरीबी दूर करने और रोजगार सृजन के स्थान पर विशेष विकास स्कीम एं बनाना और कार्यान्वयन; और

(ix) उपर्युक्त कार्यों के अधिक कुशल निर्वहन के स्थान पर, उससे संबंधित और आवश्यक, विनियमन, पर्यवेक्षण, रखरखाव और समर्थन वाले सभी मामले और जिन्हें इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन हलका पंचायत को सौंपा जाए।

(3) हलका पंचायत सरकार द्वारा अधिसूचित प्रक्रिया के अनुसार पंचायत क्षेत्रों में कार्यान्वित किए जा रहे सभी कार्यों, स्कीम ओं और परिस्कीम ओं का समवर्ती और त्रैमासिक सामाजिक संपरीक्षा भी करेगी।

(4) हलका पंचायत ऐसे अन्य कार्य और कर्तव्यों का पालन भी करेगा जो उस क्षेत्र के भीतर इसे सरकार, जिला स्कीम और विकास बोर्ड और खंड विकास परिषद द्वारा सौंपें जाएं जिसमें हलका पंचायत गठित है।"

धारा 14.- उपधारा (1) के पश्चात निम्नलिखित अंतःस्थापित करें -

"(2) हलका पंचायत को अनुसूची 1-ग में विनिर्दिष्ट निधियों, अनुदानों आदि का अवधारित रीति से प्रचालन का अधिकार होगा।"

धारा 15 के स्थान पर निम्नलिखित रखें.–

हलका पंचायत द्वारा फीस अधिरोपण जाना

"15. – (1) प्रत्येक हलका पंचायत सरकार द्वारा अधिसूचित रीति से और ऐसे नियमों के अनुसार, यथाअवधारित ऐसी छूटों के अधीन व्यावसायिक भवनों पर फीस अधिरोपित कर सकती है:

परंतु यह कि जहां भवन के मालिक ने पंचायत क्षेत्र को छोड़ दिया है या अन्यथा लापता है, ऐसे भवन का अधिभोगी ऐसे मालिक पर देय फीस के स्थान पर उत्तरदायी होगा:

परंतु यह और कि हलका पंचायत की अनुपस्थिति में, संबंधित खंड विकास अधिकारी को हलका पंचायत द्वारा पहले से लगाए गए फीस और करों की वसूली करने का अधिकार होगा।

(2) कोई हलका पंचायत निम्न में से किसी या सभी मदों पर भी हलका पंचायत द्वारा अवधारित ऐसी दरों पर और सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित ऐसी छूट के अधीन फीस लगा सकती है, अर्थात् -

(क) मनोरंजन पर फीस ;

(ख) विज्ञापनों और होर्डिंग्स पर फीस ;

(ग) हलका पंचायत के क्षेत्र में रखे गए व्यावसायिक ट्रैक्टरों पर फीस ;

(घ) चावल भूसी मिलों, आरा मिलों, आटा मिलों, चावल मिलों, घराटों, ईंट भट्टों, तेल मिलों, बूचड़खानों, पेट्रोल पंपों, निजी अस्पतालों, प्रयोगशालाओं, नैदानिक केंद्रों, सोडा, बर्फ, आइसक्रीम कारखानों, मसाला पीसने वाली मिलों, मोटर वाहनों, ट्रैक्टर डीलरों, शराब की दुकानों, हॉट वेट मिक्स प्लांट, स्टोन क्रशर, पोल्ट्री, डेयरी फार्म, घोडा व्यापारियों, लघु उद्योग इकाइयों, मोबाइल टावरों, बिजली संयंत्रों, प्रिंटिंग प्रेस, मिट्टी के तेल, राशन डीलर आदि जैसे हलका पंचायत के क्षेत्राधिकार में व्यवसायों और पेशों पर फीस लगा सकती है;

(ङ) हलका पंचायत के अधिकार क्षेत्र के भीतर सरकार द्वारा उन्हें आवंटित किए गए ऐसे कार्यों के निष्पादन के स्थान पर ठेकेदारों पर फीस ;

(च) ट्रैवल एजेंटों और परिवहन एजेंसियों पर फीस ;

(छ) मेला, त्यौहार आदि के आयोजन पर फीस जहाँ जल आपूर्ति, स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्थान पर आवश्यक व्यवस्था हलका पंचायत द्वारा की जाती है या जहाँ ऐसे मेलों या त्यौहारों का आयोजन पंचायत भूमि पर किया जाता है;

(ज) हलका पंचायत के अधिकार क्षेत्र में दुकानों और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के रजिस्ट्रीकरण पर फीस ;

(झ) ग्राम पंचायत द्वारा यात्रियों के स्थान पर पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने के स्थान पर हलका पंचायत के क्षेत्राधिकार के भीतर रुकने वाली बसों, अन्य यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों पर फीस ;

(ञ) पशु अनाथालाओं पर फीस ;

(ट) ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के स्थान पर सड़क काटने पर फीस ;

(ठ) भूविज्ञान और खनन विभाग के दायरे में नहीं आने वाले स्थानीय नालों से छोटे खनिजों की निकासी के स्थान पर रॉयल्टी, जिन्हें कानून के किसी विशेष उपबंध के अधीन रॉयल्टी से छूट नहीं दी गयी है;

(ड) प्लास्टिक या पॉलिथीन के उपयोग और खुले में शौच के स्थान पर शास्ति;

(ढ) स्वच्छता उपकर; और

(ण) सरकार द्वारा यथा अनुमोदित ऐसे अन्य फीस :

परंतु सरकार हलका पंचायत को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात इस धारा के अधीन अधिरोपित किसी भी फीस को रद्द कर सकती है या उसकी दर को संशोधित या परिवर्तित कर सकती है"।

धारा 15, निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा –

फीसों और दरों का पुनरीक्षण "15-क. – हलका पंचायत धारा 15 के अधीन फीस और दरों को, दो वर्ष की अवधि में अधिकतम एक बार, पुनरीक्षित कर सकती है।"

धारा 16.- "सरपंच" के स्थान पर "हलका पंचायत" करें।

धारा 19.- अंत में पूर्ण विराम (।) के स्थान पर कोलन (:) रखा जाएगा और उसके पश्चात , निम्नलिखित अंतःस्थापित करें-

"परंतु ऐसा कोई पुनरीक्षण तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि हलका पंचायत को सुनवाई का अवसर प्रदान नहीं किया जाता है"।

धारा **20** के स्थान पर निम्नलिखित रखें:-

लेखा और संपरीक्षा 20. हलका पंचायत की खाता-बहियों का रखरखाव यथानिर्दिष्ट ऐसे प्रारूप में और ऐसी रीति से किया जाएगा:

परंतु यह कि हलका पंचायत के स्थान पर प्रतिवर्ष एक चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा अपने खातों की संपरीक्षा कराना अपेक्षित होगा:

परंतु यह और कि सरकार अवधारित प्राधिकारी के माध्यम से विहित रीति से हलका पंचायत के खाते की संपरीक्षित कराएगी।"

धारा 26 **के स्थान पर निम्नलिखित रखें**:-

कर्मचारी 26. (1) इसके स्थान पर विहित नियमों के अधीन, कोई हलका पंचायत ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त कर सकती है, जो इस अधिनियम द्वारा उसके स्थान पर अवधारित कर्तव्यों को पूरा करने के स्थान पर आवश्यक है।

(2) एक हलका पंचायत ऐसे कर्मचारियों को पारिश्रमिक का संदाय अपने स्वयं के संसाधनों से करेगा।

(3) सरकार भी इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के स्थान पर अनुसूची I-ख में निर्दिष्ट यथा हलका पंचायत को कर्मचारी प्रदान करेगी।

धारा **27. -** उपधारा **(3)** के अंतिम परंतुक का लोप करें।

धारा 28- उप-धारा (4) लोप किया जाएगा।

धारा **30.-** "पंचों और सरपंचों" के स्थान पर "सरपंचों" रखें।

धारा **31** के स्थान पर निम्नलिखित रखें:-

खंड विकास परिषद् की शक्तियां और कार्य "31.— (1) खंड विकास परिषद अनुसूची II-क में निर्दिष्ट कार्य करेगा:

परंतु जहां सरकार अनुसूची II-क में निर्दिष्ट किसी कार्य के निष्पादन के स्थान पर धन उपलब्ध कराती है, वहां खंड विकास परिषद ऐसे कार्य के निष्पादन के स्थान पर सरकार द्वारा अवधारित मार्गदर्शक सिंद्धांतों या मानदंडों के अनुसार ऐसे कार्य का निष्पादन करेगी।

(2) उपधारा (1) और अनुसूची II-क में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए, और इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन, प्रत्येक खंड विकास परिषद का यह कर्तव्य होगा कि वह निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन करे: -

(i) पंचायत स्तर की सभी स्कीम ओं का संकलन और जिला स्कीम के साथ एकीकरण के स्थान पर उसे जिला स्कीम और विकास बोर्ड को समय पर प्रस्तुत करना;

(ii) सभी ब्लॉक स्तरीय स्कीम ओं की तैयारी और जिला स्कीम के साथ एकीकरण के स्थान पर उसे जिला स्कीम और विकास बोर्ड को समय पर प्रस्तुत करना;

(iii) अलग-अलग हलका पंचायतों के मध्य संचार प्रणाली का निर्माण, रखरखाव और पर्यवेक्षण;

(iv) हलका पंचायतों को प्रशासनिक और तकनीकी मार्गदर्शन देना और उनके काम का पुनर्विर्लोकन;

(v) कृषि, ग्रामीण विकास, पशुपालन, भेड़पालन, सामाजिक वानिकी, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित स्कीम ओं का पर्यवेक्षण करना;

(vi) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास स्कीम , एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम, मध्याह्न भोजन स्कीम और एकीकृत बाल विकास सेवाएं सहित सरकार द्वारा समय-समय पर यथाअधिसूचित ऐसे कार्यक्रमों की निगरानी;

(vii) विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों की प्रभावी पर्यवेक्षण और निगरानी के स्थान पर उपाय करना; और

(viii) सरकार या जिला स्कीम और विकास बोर्ड द्वारा इसे सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों का निष्पादन।

(3) खंड विकास परिषद इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के स्थान पर और इस संबंध में अवधारित प्रक्रिया के अनुसार यथा अपेक्षित ऐसी उप समितियों का गठन कर सकती है।

(4) इस निमित्त विहित किए गए ऐसे नियमों के अधीन, खंड विकास परिषद ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त कर सकती है, जो इस अधिनियम द्वारा उसे सौंपे गए कर्तव्यों को पूरा करने के स्थान पर आवश्यक हैं।

(5) खंड विकास परिषद ऐसे सेवकों को अपने स्वयं के संसाधनों से पारिश्रमिक का संदाय करेगी।

(6) सरकार भी इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के स्थान पर अनुसूची II-ख में यथा निर्दिष्ट ब्लॉक विकास परिषद के लिएउ कर्मचारी का उपबंध करेगी।"

धारा 34.- उपधारा (2) के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें-

"(3) खंड विकास परिषद के पास अनुसूची II-ग में निर्दिष्ट निधि, अनुदान आदि को विनिर्दिष्ट तरीके से संचालित करने की शक्ति होगी।"

धारा 36.- (i) उपधारा (1) में दुसरे परंतुक के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

"परंतु यह और कि इस अधिनियम के अधीन दिसंबर, 2020 तक आम निर्वाचन कराने के उद्देश्य से या जब तक पहले एक पूर्णकालिक राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त नहीं किया जाता है, यह अधिनियम के अनुसार मतदाता सूची तैयार करने और सभी चुनावों के संचालन का पर्यवेक्षण, निदेशन और नियंत्रण मुख्य निर्वाचन अधिकारी में निहित होगा";

(ii) उपधारा (2) में, **"राज्य"** और **"सरकारी राजपत्र"** के स्थान पर क्रमश: **"संघ राज्य क्षेत्र"** और **"राजपत्र"** रखें जाएंगे।

(iii) उपधारा (3) में, निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित करें:-

"परंतु जब से जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 73 के अधीन उद्घोषणा प्रवृत्त हुई, तब से राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति जम्मू-कश्मीर के संघ राज्य क्षेत्र के उपराज्यपाल द्वारा की जाएगी";

(iv) उपधारा (4) में, "राज्य**"** के स्थान पर **"**संघ राज्य क्षेत्र**"** रखें;

(v) उपधारा (5) में, "और जम्मू-कश्मीर का संविधान" का लोप करें; और

(vi) "राज्यपाल" के स्थान पर, जहां भी आता है, "उपराज्यपाल" रखें ।

धाराएं 36-क, 36-ख और 36-ग:- "राज्यपाल" के स्थान पर, जहां भी वह आता है, "उपराज्यपाल" रखें धारा

धारा 36-घ.– (i) उपधारा **(1)** में, **"**सिविल प्रक्रिया संहिता, संवत **1977"** के स्थान पर **"**सिविल प्रक्रिया संहिता, **1908 (1908** का **5)"** रखें; और

(ii) उपधारा **(2)** में**,** खंड **(गग)** के पश्चात **,** परंतुक के स्थान पर निम्नलिखित परंतुक रखें **-**

"परंतु यह कि इस अधिनियम के अधीन दिसंबर **2020** तक साधारण निर्वाचन करने के प्रयोजन के लिए या उससे पहले एक पूर्णकालिक राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति होने तक निर्वाचन कराने के लिए**,** इस अधिनियम के अनुसार हलका पंचायतों को अवधारित करने और परिसीमन करने की शक्ति मुख्य निर्वाचन अधिकारी में निहित होगी।"।

धारा 38.- "प्रत्येक हलका पंचायत" के स्थान पर "इस अधिनियम के अधीन होने वाले प्रत्येक निर्वाचन" रखें।

धारा 39.- खंड **(i)** का लोप करें।

धारा **39** के पश्चात**,** निम्नलिखित अंत:स्थापित करें **–**

हलका पंचायत के सरपंच का निर्वाचन। **"40. –** हलका पंचायतों के सरपंचों का निर्वाचन हलका पंचायत के निर्वाचकों द्वारा किया जाएगा।**"**

धारा **42.-** **(i)** उपधारा **(1)** में**, "**या अधिक्रमण की तारीख के छह मास के भीतर**"** के स्थान पर **"**या धारा 9 के अधीन प्रशासक की नियुक्ति की तारीख से छह मास के भीतर**"** रखें।

(ii) उपधारा **(2)** के स्थान पर निम्नलिखित रखें**-**

"(2) ब्लॉक विकास परिषद के अध्यक्ष का निर्वाचन, यथास्थिति, पंचायतों के गठन के तीन मास के भीतर या आकस्मिक रिक्ति के छह मास के भीतर कराया जाएगा।

धारा 42-क. - (i) उपधारा **(1)** के स्थान पर निम्नलिखित रखें**-**

''(1) कोई भी व्यक्ति स्वयं को निर्वाचन के उम्मीदवार के रूप में नामांकन करा सकता है:-

(**क**) हलका पंचायत के पंच या सरपंच यदि उसका नाम ऐसी हलका पंचायत की निर्वाचक नामावली में है।

(**ख**) ब्लॉक विकास परिषद का अध्यक्ष यदि उसका नाम ऐसे जिला विकास परिषद की निर्वाचक नामावली में है।

(**ग**) जिला विकास परिषद के सीधे निर्वाचित सदस्य यदि उनके नाम ऐसे जिले की किसी हलका पंचायत की निर्वाचक नामावली में हैं।

(ii**)** उप-धारा (2) में**, "**हलका पंचायत का पंच या अध्यक्ष**,** ब्लॉक विकास परिषद" के स्थान पर "हलका पंचायत के पंच या सरपंच**,** अध्यक्ष**,** ब्लॉक विकास परिषद या जिला विकास परिषद अथवा जिला विकास परिषद के सीधे निर्वाचित सदस्य अथवा अध्यक्ष।''रखे जाएंगे;

(iii**)** उपखंड (3) में,**"**

(क**)** ''पंचायत निर्वाचन क्षेत्र या ब्लॉक विकास परिषद'' के स्थान पर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र या ब्लॉक विकास परिषद अथवा जिला विकास परिषद रखें जाएंगे; और

(ख**)** अध्यक्ष**,** ब्लॉक विकास परिषद" के स्थान पर **"**अध्यक्ष**,** ब्लॉक विकास परिषद या अध्यक्ष**,** ब्लॉक विकास परिषद" या जिला विकास परिषद के सीधे निर्वाचित सदस्य रखें;

धारा 43. - "पंच के रूप में" के स्थान पर **"**सरपंच, पंच के रूप में**"** और **"**ब्लॉक विकास परिषद के अध्यक्ष**"** के स्थान पर **"**ब्लॉक विकास परिषद के अध्यक्ष या जिला विकास परिषद के निर्वाचित सदस्य अथवा अध्यक्ष रखें जाएंगे।

धारा 45- धारा 45 के स्थान पर निम्नलिखित रखें जाएंगे:-

जिला विकास परिषद की स्थापना **45-** प्रत्येक जिला के लिए एक जिला विकास परिषद होगी जिसका क्षेत्राधिकार समग्र जिले में होगा लेकिन इसमें जिले का ऐसा भाग शामिल नहीं होगा जिसे तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन नगरपालिका या नगर निगम में शामिल किया गया है।

जिला विकास परिषद का गठन **45क-** प्रत्येक जिला परिषद में निम्नलिखित होंगे-

(क) जिले के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से सीधे निर्वाचित सदस्य;

(ख) जिला के किसी भाग अथवा समग्र भाग का प्रतिनिधित्व करने वाले विधानसभा के सदस्य जिनका निर्वाचन क्षेत्र जिला के भीतर स्थित है; और

(ग) जिले के सभी ब्लॉक विकास परिषद के अध्यक्ष:

(2) उप-धारा (1) के खंड (क) के अधीन जिला विकास परिषद के निर्वाचित सदस्यों की संख्या में उन जिले के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित गए व्यक्ति शामिल होंगे जो समय-समय अधिसूचित किए जाएं और जिनकी संख्या 14 होगी।

(3) जिला विकास परिषद के सभी सदस्य चाहे वे जिले के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से सीधे निर्वाचन द्वारा निर्वाचित किए गए हैं अथवा नहीं, को जिला विकास परिषद की बैठकों में वोट देने का अधिकार होगा:

परंतु यह कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन अथवा हटाए जाने के मामले में केवल सीधे निर्वाचित सदस्यों को ही वोट देने का अधिकार होगा।

(4) सीधे निर्वाचन द्वारा भरी जाने वाली सीटों को जिला विकास परिषद द्वारा निम्नलिखित के लिए आरक्षित रखा जाएगा-

(क) अनुसूचित जाति; और

(ख) अनुसूचित जनजाति;

और इस प्रकार आरक्षित सीधे निर्वाचन द्वारा भरी जाने वाली सीटों की संख्या जिला विकास परिषद में सीधे निर्वाचन द्वारा भरी जाने वाली सीटों की कुल संख्या उस अनुपात में होगी जो जिले की कुल जनसंख्या में उस जिले में अनुसूचित जाति और जिले में अनुसूचित जनजाति की होगी।

(5) उप-धारा (4) के अधीन आरक्षित सीटों की कुल संख्या को जो एक तिहाई से कम न हो, अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति, जैसा भी मामला हो, से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित होगा।

(6) प्रत्येक जिला विकास परिषद में सीधे निर्वाचन द्वारा भरी जाने वाली सीटों की कुल संख्या का एक तिहाई (जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की संख्या भी शामिल है) महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

(7) उप-धारा (4), (5) और (6) के अधीन आरक्षित सीटें जिले में अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में बारी-बारी से उस तरीके से ऐसे आबंटित की जाएंगी जैसा कि विहित किया जाए।

(8) जिले का अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त, जिला विकास परिषद का मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगा और उसके कार्यों के निपटान में सहायता के लिए जिला स्तरीय अध्यक्ष होगा।

(9) जिला विकास परिषद का अवधि पांच वर्ष की होगी सिवाय उस मामले के जहां पंचायतों के सभी सोपानो के लिए सामान्य निर्वाचन एक साथ आयोजित किए जाने हैं ताकि उसके सभी सोपान जिले में सम विस्तीर्ण अवधि वाले हों।

(10) धारा (6) के अधीन यथा उपबंधित हलका पंचायत की सदस्यता से अयोग्य ठहराने संबंधी प्रावधान जिला विकास परिषद के सीधे निर्वाचित सदस्यों पर आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

(11) किसी जिला विकास परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अपने हस्ताक्षर सहित लिखित में ऐसे प्राधिकारी को संबोधित करते हुए और ऐसी रीति से जो विहित की जाए, अपना पद त्याग सकता है और ऐसे प्राधिकारी द्वारा त्यागपत्र स्वीकार होने पर पद रिक्त हो जाएगा।

(12) या तो पद त्याग या हटाए जाने पर जिला विकास परिषद के पद को रिक्त करने वाला कोई अध्यक्ष जिला विकास परिषद के उपाध्यक्ष को प्रभार सौंप देगा।

(13) उपाध्यक्ष के पद के पहले ही खाली होने की स्थिति में, अध्यक्ष मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रभार सौंपेगा।

(14) किसी अध्यक्ष या उपाध्यक्ष द्वारा तत्काल उसका कार्यालय रिक्त किया गया समझा जाएगा यदि जिला विकास परिषद की सीधे निर्वाचित सदस्यों की संख्या के कम से कम दो तिहाई के बहुमत द्वारा निम्नलिखित आधारों पर उसके पक्ष में विश्वास की कमी अभिव्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव इसके लिए विशेष रूप से बुलाई गई एक बैठक में विहित रीति से पारित किया जाता है:-

(i) घोर अवचार;

(ii) कर्तव्य उपेक्षा;

(iii) उप-धारा (10) के अधीन विहित की गई निरर्हता

(iv) जिला विकास परिषद की तीन लगातार बैठकों में उपस्थित न होना:

परंतु जिला विकास परिषद की बैठकों में मौजूद रहने से विफल होने को उसे पद से हटाए जाने के लिए जिम्मेदार नहीं माना जाएगा यदि ऐसी विफलता उसके नियंत्रण से बाहर के कारणों की वजह से है।

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन

45-ख परिणामों की घोषणा के पश्चात उपायुक्त जितना जल्दी संभव होगा किंतु ऐसी घोषणा के एक सप्ताह से ज्यादा नहीं, शपथ लेने अथवा गठबंधन का प्रतिज्ञान करने के प्रयोजन के लिए जिला विकास परिषद के निर्वाचित सदस्यों की एक बैठक अपनी अध्यक्षता में बुलाएगा।

(2) शपथ अथवा गठबंधन की प्रतिज्ञान का कार्य होने के तत्पश्चात जिला विकास परिषद के निर्वाचित सदस्य विहित तरीके से अपने सदस्यों में से एक सदस्य को जिला विकास परिषद का अध्यक्ष और दूसरे को उपाध्यक्ष चुनेंगे।

परंतु यदि अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष, जैसा भी मामला हो, का पद मृत्यु, त्यागपत्र अथवा अविश्वास प्रस्ताव के कारण कार्यकाल के दौरान रिक्त हो जाता है अथवा रिक्त कराया जाता है, तो ऐसे रिक्ति होने की तारीख से तीन माह की अवधि के भीतर एक नया निर्वाचन विहित तरीके से उसी श्रेणी से कराया जाएगा।

(3) जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में जिला विकास परिषद के अध्यक्ष के पद के लिए सीटों की कुल संख्या का एक तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

(4) उप-धारा (3) के अधीन आरक्षित सीटें चक्रानुक्रम आधार पर ऐसे तरीके से आबंटित की जाएंगी जैसे की विहित की जाएं।

धारा 45 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा –

कार्य संचालन

"45-ग—(1) बैठकें:

(1). अध्यक्ष एक वित्तीय वर्ष में जिला विकास परिषद की चार बैठकों का आयोजन करेगा, प्रत्येक तिमाही में एक बैठक, जिसे सामान्य या आम बैठक कहा जाएगा। जिला विकास परिषद की प्रत्येक बैठक सामान्यत: जिला विकास परिषद मुख्यालय में आयोजित की जाएगी, परंतु कि जिला विकास परिषद की पहली बैठक उसके गठन के एक मास के भीतर आयोजित की जाएगी।

(2). किसी साधारण बैठक की नोटिस 'दस पूर्ण दिन' पहले और समय विनिर्दिष्ट किए जाने वाले किसी विशेष बैठक की 'सात पूर्ण दिन' पहले नोटिस दिया जाएगा जिस पर ऐसे बैठक होने की और

कई बार किए जाने की संभावना है जिला विकास परिषद सदस्यों को भेजेगा और कार्यालय पर चिपकाएगा।

(3). अध्यक्ष, जब भी उपयुक्त समझे और सदस्यों की कुल संख्या के एक तिहाई से अन्यून सदस्यों के लिखित अनुरोध पर और इस तरह के अनुरोध की प्राप्ति के पंद्रह दिन के भीतर एक विशेष बैठक बुला सकेगा। ऐसे अनुरोध में प्रस्तावित बैठक का उद्देश्य निर्दिष्ट होगा।

(4). जिला विकास परिषद के कुल सदस्यों की एक तिहाई जिला विकास परिषद कार्य संचालन करने के लिए गणपूर्ति होगा।

(5) प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष द्वारा की जाएगी या यदि वह अनुपस्थित है या यदि अध्यक्ष का पद रिक्त है, तो उपाध्यक्ष द्वारा और यदि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों अनुपस्थित हैं, तो उपस्थित सदस्य आपस में एक सदस्य का निर्वाचन अध्यक्षता के लिए करेंगे।

(6) जब तक कि अन्यथा इसके लिए कोई विशेष रूप से उपबंधित न हो, सभी प्रश्नों का विनिश्चय उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा किया जाएगा।

(7) प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियां बैठक के तुरंत बाद कार्यवृत्त-पुस्तिका में विचार-विमर्श अभिलिखित किया जाएगा और बैठक के अध्यक्ष द्वारा पढ़ने के पश्चात उनके द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा।

(8) जिला विकास परिषद द्वारा एक बैठक में पारित किए गए प्रत्येक प्रस्ताव की एक प्रति बैठक की तारीख से दस दिन के भीतर सरकार को भेज दी जाएगी और कार्यवृत्त की प्रतियां सभी सदस्यों को प्रदान की जाएंगी।

(9). जिला विकास परिषद बैठकों में अधिकारियों की उपस्थिति की अपेक्षा कर सकती है - यदि जिला विकास परिषद को यह प्रतीत होता है कि जिला विकास परिषद के क्षेत्र पर अधिकारिता सरकार के किसी अधिकारी की जिला विकास परिषद की बैठक में उपस्थिति वांछनीय है, तो मुख्य कार्यकारी अधिकारी बैठक से कम-से-कम पंद्रह दिन पहले ऐसे अधिकारी को संबोधित एक पत्र के माध्यम से उससे बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध कर सकता है:

परंतु ऐसे पत्र की प्राप्ति पर वह अधिकारी, यदि किसी उचित कारण से बैठक में उपस्थित होने में असमर्थ है, तो वह बैठक में उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने उप या अन्य अधीनस्थ अधिकारी को निदेश दे सकता है।

(10) प्रतिकूल साबित, जिला विकास परिषद या इस अधिनियम के अधीन नियुक्त किसी समिति की प्रत्येक बैठक, इस अधिनियम के अनुसार जिसकी कार्यवाहियों के संबंध में कार्यवृत्त बनाया गया है और उसपर हस्ताक्षर किया गया है, सम्यक रूप से बुलाई गई और आयोजित की गयी समझा जाएगा और बैठक के सदस्यों को सम्यक रूप से अर्हित मानी जाएगी और जहां कार्यवाहियों एक समिति की कार्यवाहियां हैं, ऐसी समिति को सम्यक रूप से गठित माना जाएगा और उसे कार्यवृत्त में निर्दिष्ट मामले पर कार्रवाई की शक्ति होगी।

(11) जिला विकास परिषद या किसी समिति में किसी रिक्ति के दौरान, वर्तमान सदस्य या एक से अधिक सदस्य ऐसा कार्य करते रहेंगे जैसे कोई पद रिक्त नहीं हुआ है।

स्थाई समितियां। **45-घ (1).-** प्रत्येक जिला विकास परिषद में निम्नलिखित स्थायी समितियां गठित की जाएंगी, अर्थात्-

i. वित्त संबंधी स्थायी समिति;

ii. विकास संबंधी स्थायी समिति;

iii. लोक निर्माण संबंधी स्थायी समिति;

iv. स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी स्थायी समिति;

v. कल्याण संबंधी स्थायी समिति।

(2) प्रत्येक स्थायी समिति में अध्यक्ष सहित सदस्यों जिनके अधीन उसका अध्यक्ष भी है की उनकी संख्या से मिलकर बनेगी जितनी उतने सदस्य होंगे जितना जिला विकास परिषद द्वारा विनिश्चय की जाए, ताकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को छोड़कर अन्य सभी निर्वाचित सदस्य स्थायी समिति में से एक सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए हों और प्रत्येक स्थायी समिति के लिए निर्वाचित सदस्यों की संख्या, यथासंभव, बराबर होगी।

(3) जिला विकास परिषद द्वारा विनिश्चय की गई प्रत्येक स्थायी समिति के सदस्यों की संख्या उस परिषद के कार्यकाल के बीच में नहीं बदली जाएगी।

(4) प्रत्येक स्थायी समिति में अपने में से निर्वाचित जिला विकास परिषद स्वयं से चुने जाएंगे और एक सदस्य एक समय में एक से अधिक स्थायी समितियों का सदस्य नहीं होगा, जब तक कि जिला विकास परिषद के सदस्यों की अपर्याप्त संख्या के कारण ऐसा आवश्यक न हो।

(5) वित्त संबंधी स्थायी समिति को छोड़कर, प्रत्येक स्थायी समिति के अध्यक्ष का निर्वाचन संबंधित स्थायी समिति के सदस्यों द्वारा अपने सदस्यों में से किया जाएगा।

(6) जिला विकास परिषद का उपाध्यक्ष वित्त संबंधी स्थायी समिति का पदेन सदस्य और अध्यक्ष होगा और अध्यक्ष मत देने के अधिकार के बिना सभी स्थायी समितियों का पदेन सदस्य होगा।

(7) स्थायी समिति के पदेन सदस्य के अलावा कोई सदस्य और वित्त संबंधी स्थायी समिति के अलावा किसी स्थायी समिति का अध्यक्ष विहित प्ररूप में सचिव को त्यागपत्र देकर किसी स्थायी समिति की, यथास्थिति, सदस्यता या अध्यक्षता, से त्यागपत्र दे सकता है और यह त्यागपत्र सचिव द्वारा प्राप्त किए जाने की तारीख से होगा और सचिव इस तथ्य की सूचना तत्काल अध्यक्ष और जिला विकास परिषद को देगा।

(8) स्थायी समिति के यथास्थिति, अध्यक्षता या सदस्यता से त्यागपत्र देने वाला व्यक्ति, स्वयं या रजिस्ट्रीकृत डाक से, जहां ऐसा त्यागपत्र राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित होगा, अपना त्यागपत्र सचिव को भेजेगा और सचिव उसकी पावती देगा।

(9) अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, किसी स्थायी समिति के अध्यक्ष या उसके सदस्य का कार्यकाल उस परिषद के कार्यकाल के सहकालिक होगा।

(10) स्थायी समिति के सदस्य पद की आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए रिक्ति ने के तीस दिन के भीतर निर्वाचन कराया जाएगा:

परंतु यह कि जहां काउंसिल के सदस्य की रिक्ति के कारण स्थायी समिति में रिक्त पद नहीं भरा जा सकता है, वहां परिषद का सदस्य की रिक्ति को भरे जाने की तारीख से तीस दिन के भीतर स्थायी समिति की रिक्ति को भरा जाएगा।

(11) यदि वित्त संबंधी स्थायी समिति के सिवाय किसी अन्य स्थायी समिति के अध्यक्ष का पद आकस्मिक रूप रिक्त हो जाता है, तो स्थायी समिति की अगली बैठक में उसके किसी सदस्य को उसका अध्यक्ष चुना जाएगा।

(12) वित्त संबंधी स्थायी समिति के अलावा किसी अन्य स्थायी समिति के अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव विहित उपबंधों और प्रक्रियाओं के अधीन लाया जा सकता है और यदि ऐसा प्रस्ताव स्थायी समिति के सदस्यों के बहुमत के अन्यून सदस्यों के समर्थन से पारित किया जाता है तो वह उस स्थायी समिति के अध्यक्ष पद पर नहीं रहेंगे और यह माना जाएगा कि उन्होंने स्थायी समिति के अध्यक्ष का पद तत्काल रिक्त कर दिया है।

(13) वित्त संबंधी स्थायी समिति वित्त, लेखा, लेखापरीक्षा, बजट, सामान्य प्रशासन और अन्य स्थायी समितियों को आवंटित नहीं किए गए विषयों पर कार्य करेगी।

(14) विकास संबंधी स्थायी समिति विकास स्कीम , सामाजिक-आर्थिक स्कीम , कृषि, मृदा संरक्षण, पशुपालन, लघु सिंचाई, मत्स्य पालन और लघु उद्योग आदि विषयों पर कार्य करेगी।

(15) सार्वजनिक कार्य संबंधी स्थायी समिति सार्वजनिक कार्यों, आवास, स्थानिक स्कीम और

पर्यावरण जैसे विषयों पर कार्य करेगी।

(16) स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी स्थायी समिति सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे विषयों पर कार्य करेगी।

(17) कल्याण संबंधी स्थायी समिति सामाजिक कल्याण, महिलाओं और बच्चों के विकास और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विकास जैसे विषयों पर कार्य करेगी।

(18) परिषद की स्थायी समितियाँ इस संबंध में बनाए गए नियमों में उसे दी गई शक्तियों और कार्यों के अलावा ऐसी अन्य शक्तियों और कार्यों का निष्पादन कर सकती हैं जैसा कि परिषद द्वारा उसे सौंपी जाएं।

(19) स्थायी समिति द्वारा पारित प्रत्येक प्रस्ताव को परिषद की अगली बैठक में रखा जाएगा और यदि आवश्यक हो तो परिषद को ऐसे प्रस्ताव को संशोधित करने की शक्ति होगी।

(20) स्थाई समितियां विहित रीति से अपने कार्य निष्पादित करेंगी और अपने व्यवसाय का संचालन करेंगी।"

धारा **46.-** उपधारा (1) में;

(a) "निम्नलिखित शक्तियां और कार्य" के पश्चात् "अनुसूची III में विनिर्दिष्ट कार्यों के अतिरिक्त" अंतःस्थापित किया जाएगा ।

(b) खंड (i) के स्थान पर रखा जाएगा –

"(i) अपने प्राधिकार के अधीन जिले के क्षेत्र के लिए विकास कार्यक्रमों की विनिर्मित पर विचार करना और मार्गदर्शन करना तथा विभिन्न स्कीमों के लिए प्राथमिकताओं को करना और अपने प्राधिकार के अधीन जिले के क्षेत्र के त्वरित विकास और आर्थिक उत्थान से संबंधित मुद्दों पर विचार करना;

(c) खंड (ii) के स्थान पर, रखा जाएगा –

"(ii) विकास स्कीम ओं और स्कीमों की प्रगति और उपलब्धियों की आवधिक समीक्षा करना तथा सरकार, जिला विकास समिति, ब्लॉक विकास परिषदों और हलका पंचायतों को ऐसी सिफारिशें करना जो वह समुचित समझे;

(ii-क) ब्लॉक विकास परिषद से सभी ब्लॉक स्तर की स्कीम ओं और समेकित पंचायत स्कीम ओं को प्राप्त करना; सभी स्कीम ओं को जिला स्कीम में संकलित, समेकित और एकीकृत करना तथा जिला स्कीम समिति को अग्रेषित करना जो जिला स्कीम के लिए आधार बनेगी;"

(d) खंड (iii) और खंड (iv) का लोप किया जाएगा।

धारा 47 के स्थान पर, रखा जाएगा:-

कर्मचारिवृंद और संपत्ति तथा वित्त। 47. (1). ऐसे नियमों के अध्यधीन जो इस निमित्त किए जाएं, जिला विकास परिषद ऐसे कर्मचारीवृंद को नियोजित कर सकती है, जो इस अधिनियम द्वारा इसे सौंपे गए कर्तव्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक हैं।

(2). जिला विकास परिषद ऐसे कर्मचारीवृंद को अपने स्वयं के संसाधनों से पारिश्रमिक का संदाय करेगा।

(3). सरकार भी जिला परिषद के कर्मचारीवृंद के लिए प्रबंध करेगा जो इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित हैं।

(4). प्रत्येक जिला विकास परिषद के पास सरकार से प्राप्त और उसके स्वयं के संसाधनों से निर्मित एक निधि होगा जिसे जिला विकास परिषद निधि कहा जाएगा।

(5). जिला विकास परिषद को संपत्ति के अधिग्रहण, धारण या निपटान की अथवा विहित नियमों के अनुसार संविदा करने की शक्तियां होंगी।

अध्याय XII **के पश्चात् नए अध्याय का अंत:स्थापन:-**

"**अध्याय** XII-**क**

जिला स्कीम समिति

जिला स्कीम समिति। 47क (1) प्रत्येक जिले के लिए एक जिला स्कीम समिति होगी जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे-

(i) क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद सदस्य;

(ii) जिले के भीतर के क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य विधानसभा के सदस्य;

(iii) जिले के जिला विकास परिषद के अध्यक्ष;

(iv) जिले के नगर क्षेत्र समितियों/नगरपालिका समितियों के अध्यक्ष;

(v) नगरपालिका परिषद/नगर निगम के अध्यक्ष, यदि कोई हो;

(vi) जिला विकास आयुक्त;

(vii) अपर जिला विकास आयुक्त;

(viii) जिला सांख्यिकी और मूल्यांकन अधिकारी;

(ix) मुख्य स्कीम अधिकारी;

(x) जिला स्तर के सभी अधिकारी समिति के पदेन सदस्य होंगे।

(2) क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला संसद सदस्य समिति का अध्यक्ष होगा।

जिला स्कीम समिति के कार्य। 47ख जिला स्कीम समिति निम्नलिखित कार्य करेगी: -

(i) जिले के लिए विकास कार्यक्रमों के विनिर्मिति पर विचार करना और मार्गदर्शन करना तथा विभिन्न स्कीमों के लिए प्राथमिकताएं सुझाना एवं जिले के त्वरित विकास और आर्थिक उत्थान से संबंधित मुद्दों पर विचार करना;

(ii) जिले के लिए आवधिक और वार्षिक स्कीम ओं के विनिर्मिति के लिए कार्य समूह के रूप में कार्य करना;

(iii) जिले के लिए स्कीम और गैर-स्कीम बजट तैयार करना और उसे अंतिम रूप देना।

धारा 52.- "सरकार" के स्थान पर, जहां-जहां वह आता है, "सरकार या कोई अन्य अधिकारी जो इस निमित्त् विशिष्ट रूप से सशक्त या प्राधिकृत हो" रखा जाएगा।

धारा 55. - (i) उपधारा (1) में, "रणबीर दंड संहिता, संवत 1989" के स्थान पर "भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45)" रखा जाएगा; और

(ii) उपधारा (2) में, "न्यायिक अधिकारी संरक्षण अधिनियम, 1971" के स्थान पर "न्यायिक अधिकारी अधिनियम, 1850 (1850 का 18)" प्रतिस्थापित किया जाएगा।

धारा **62**.- **"**पंद्रह वर्ष की आयु**"** के स्थान **"**अठारह वर्ष की आयु**"** रखा जाएगा।

धारा **64**.- उप-धारा (2) में **"**धारा **488"** के स्थान पर **"**धारा **125"** रखा जाएगा।

धारा **79** के पश्चात नई धारा का अंत:स्थापन करें –

हलका पंचायत, आदि की भूमिका विनिर्दिष्ट करने की **"79क—(1)** सरकार**,** साधारण या विशेष आदेश द्वारा**,** समय-समय पर, अनुसूचियों में विनिर्दिष्ट कार्यों से संबंधित कार्यक्रमों, स्कीमों और गतिविधियों की बाबत, ऐसे कार्यक्रमों**,** स्कीमों और गतिविधियों का ठीक से समन्वित और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, हलका पंचायतों**,** ब्लॉक विकास परिषद और जिला विकास परिषद की भूमिका निर्दिष्ट कर सकेगी।

(2) सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा**,** अनुसूचियों में शामिल या उल्लिखित गतिविधियों**,** कार्यक्रमों या स्कीमों में कोई गतिविधि**,** कार्यक्रम या स्कीम जोड़ सकेगी और इस तरह की अधिसूचना के

सरकार की शक्ति। जारी होने पर, अनुसूचियों को तदनुसार संशोधित किया गया माना जाएगा तथा प्रत्येक ऐसी अधिसूचना विधान सभा के समक्ष रखी जाएगी।"।

अनुसूची.- प्रविष्टि (च) का लोप करें और प्रविष्टि (ख), प्रविष्टि (ग), प्रविष्टि (घ), प्रविष्टि (ङ) और प्रविष्टि (झ) के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित प्रविष्टियाँ रखी जाएंगी -

"(ख) पशु अतिचार अधिनियम, 1871 के अधीन अपराध।

(ग) टीका अधिनियम, 1880 के अधीन अपराध।

(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 के अधीन अपराध।

(ङ) सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 के अधीन अपराध।

(झ) दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के अधीन अपराध"।

नई अनुसूची का अंत:स्थापन

विद्यमान अनुसूची के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित करें: -

"**अनुसूची I-क**

(**धारा** 12 **देखिए**)

साधारण

I यह हलका पंचायत का कर्तव्य होगा कि वह इस अनुसूची में प्रमाणित मामलों और, हलका पंचायतों की बावत दायित्व आलेख्यन में वर्णित मामलों के संबंध में भी, निधि की उपलब्धता के अधीन, हल्का पंचायत क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करे।

II इस अधिनियम के अन्य उपबंधों और दिशानिर्देशों के अधीन और सरकार की वित्तीय, तकनीकी या की सहायता से, हलका पंचायत को इस अनुसूची में प्रमाणित मामलों को प्रशासित करने और विकास एवं सामाजिक न्याय के प्रयोजनों के लिए उससे संबंधित स्कीमें तैयार करने और उनका कार्यान्वयन करने से संबंधित स्कीमों को तैयार करने और लागू करने की शक्ति होगी, तथा भारत सरकार द्वारा यथास्थिति, आरंभ या आरंभ की जाने वाली सभी केंद्र प्रायोजित स्कीम, की हलका पंचायत में स्कीम बनाना और कार्यान्वयन भी पंचायतों का उत्तरदायित्व होगा।

III हलका पंचायत स्कीमों के दिशानिर्देशों और भारत सरकार और संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा, समय-समय पर जारी अनुदेशों में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार सभी स्कीमों के लिए स्कीम तैयार करेगी और लागू करेगी।

IV हलका पंचायत सरकार द्वारा जारी व्यय अनुमोदन के साथ ही परिस्कीम ओं के आकलन के लिए दिशा निर्देशों के सेट के अनुसार अपने कार्यों का संचालन करेगी।

(क) साधारण कार्य:-

(i) जिला स्कीम और विकास बोर्ड (डीपीएंडडीबी) द्वारा विहित लक्ष्यों के अनुसार पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए साधारण और सभी स्कीम ओं और कार्यक्रमों के अधीन अलग से वार्षिक स्कीम तैयार करना।

(ii) वार्षिक बजट तैयार करना।

(iii) प्राकृतिक आपदाओं में राहत प्रदान करना।

(iv) सार्वजनिक संपत्तियों पर अतिक्रमण हटाना।

(v) सामुदायिक कार्यों के लिए स्वैच्छिक श्रम और योगदान का आयोजन।

(vi) गाँवों के आवश्यक आँकड़ों का रखरखाव।

(vi) सभी लाभार्थी उन्मुख कार्यक्रमों और स्कीमों के लिए लाभार्थियों की पहचान।

(vii) सभी सरकारी संपत्तियों की मरम्मत, रखरखाव और अनुरक्षण।

(viii) प्राथमिक स्तर के सभी प्राथमिक संस्थाओं जैसे प्राथमिक स्कूल , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक पशु चिकित्सा केंद्र, पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र इत्यादि का पर्यवेक्षण और निरीक्षण।

(ix) हलका पंचायत के लिए शिकायत निवारण मंच के रूप में कार्य करना।

(x) हलका पंचायत क्षेत्र के भीतर हलका पंचायत निधि (स्वयं के संसाधनों) से कार्य करना।

(xi) समय-समय पर विहित की गई स्वच्छता, नवीकरणीय ऊर्जा, लिंगानुपात सुधार, कौशल विकास, जल संरक्षण, अपशिष्ट से ऊर्जा, वित्तीय समावेशन आदि जैसे सभी सरकारी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए जागरूकता सृजन और समुदाय को एक साथ लाना।

(ख). विशिष्ट कार्य:-

1. कृषि, बागवानी, पशुपालन, भेड़ पालन और मत्स्य पालन:-

(i) उत्पादन बढ़ाने के लिए हलका मजलिस (ग्राम सभा) के परामर्श से गाँव के लिए एक व्यापक बागवानी, कृषि, रेशम उत्पादन स्कीम के अधीन गतिविधियों की तैयारी और पर्यवेक्षण।

(ii) कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी स्कीम, एकीकृत बागवानी विकास मिशन स्कीम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क स्कीम , नीली क्रांति, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई स्कीम या कोई अन्य प्रवृत्त या भविष्य में पुर:स्थापन की जाने वाली स्कीम के अधीन वार्षिक स्कीम एं तैयार करना और लाभार्थियों की पहचान तथा ब्लॉक विकास परिषद को उसे प्रस्तुत करना।

(iii) भूमि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए बंजर भूमि और चरागाह के विकास संबंधी स्कीम एं तैयार करना।

(iv) हलका पंचायत निधियों (स्वयं के संसाधनों) से पौधशालाओं की स्थापना और रखरखाव।

(v) कृषि यंत्रीकरण के लिए स्कीम की तैयारी, सिफारिश और पर्यवेक्षण।

(vi) मृदा, जल संरक्षण और बीज संरक्षा के लिए स्कीम ओं की तैयारी और पर्यवेक्षण।

(vii) वाटरशेड प्रबंधन स्कीम एं तैयार करना और उनका कार्यान्वयन।

(viii) कृषि बीमा स्कीम ओं का पर्यवेक्षण और उनका कार्यान्वयन ।

(ix) कृषि और बागवानी विस्तार गतिविधियां जिसके अंतर्गत् खेत स्कूल, अनुभव यात्राओं, फसल सुरक्षा और कीट प्रबंधन अभियानों, प्रदर्शनों आदि भी हैं को सुगम बनाना।

(x) आपदाओं की स्थिति में हानि विवरण तैयार करने का पर्यवेक्षण करना।

(xi) आदानों का वितरण।

(xii) दूध, ऊन, मुर्गी पालन और सहकारी समितियों के विरचना को बढ़ावा देना।

(xiii) दूध संग्रह केंद्रों और सोसाइटियों की निगरानी और पर्यवेक्षण।

(xiv) ग्रामीण कृषि उत्पादों, शिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने और ऐसे मंडियों में बाजार मूल्य प्रदर्शित करने के लिए हलका पंचायत में सार्वजनिक बाजार सुविधाओं (मंडियों) की स्थापना और प्रबंधन के लिए स्थानों की पहचान करना।

(xv) मेलों और त्योहारों जिसके अधीन पशु मेले भी हैं का विनियमन और संचालन।

(xvi) कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए भंडारण और प्रशीतन गृहों की सुविधाएं प्रदान करना।

(xvii) कृषि और बागवानी उत्पादन के प्रत्यक्ष विपणन और ई-विपणन के लिए किसानों को सुविधा प्रदान करना।

(xviii) दूध, ब्रायलर और अंडा उत्पादन और इसके उप-उत्पादों को बढ़ाने के लिए स्कीम तैयार करना।

(xix) निजी उद्यमियों को सहारा देना सुकर बनाना।

(xx) डेयरी किसानों के लिए सहयोगकारी सहकारी मॉडल को बढ़ावा देना।

(xxi) क्षेत्र में चारा विकास, वर्मी-खाद और जैविक खेती को बढ़ावा देना।

(xxii) प्राथमिक पशु चिकित्सा केन्द्रों, पशु चिकित्सा औषधालयों और प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों का पर्यवेक्षण।

(xxiii) पंचायत क्षेत्रों में विभाग के भवनों का संनिर्माण और रखरखाव, जहाँ भी इन्हें हलका पंचायतों को अंतरित किया गया हो।

(xxiv) मछली पालन में प्रशिक्षण के लिए मछली किसानों की पहचान करना और मत्स्य विभाग की सहायता से उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

2. **जन स्वास्थ्य इंजीनियरी, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग**:-

(i) हलका पंचायत क्षेत्र के भीतर 0-5 हेक्टेयर क्षेत्र वाले सभी लघु सिंचाई परिस्कीम ओं की स्कीम , संनिर्माण, पुनरुद्धार और रखरखाव।

(ii) हलका पंचायत स्तर पर 0-5 हेक्टेयर के भीतर ऐसी सभी लघु या सूक्ष्म सिंचाई परिस्कीम ओं का रखरखाव और उनके जल का समय पर और समान वितरण और पूर्ण उपयोग को कार्यान्वित करना।

(iii) भूजल संवर्धन और वर्षा जल संचयन स्कीमों और परिस्कीम ओं के लिए स्कीम का विकास तथा उनका कार्यान्वयन।

(iv) हलका पंचायत क्षेत्र के भीतर सभी जल स्रोतों के अभिलेखों का मानचित्रण और प्रबंधन।

(v) विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जनशक्ति के माध्यम से हैंड पंपों का रखरखाव।

(vi) सिंचाई चैनलों और खुलों का रखरखाव।

(vii) जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उपाय करना।

(viii) संभावित या विद्यमान स्कीमों की पहचान और पर्यवेक्षण।

(ix) हलका पंचायत क्षेत्र के भीतर सभी जलापूर्ति स्कीमों और जलाशयों के लिए क्लोरीनीकरण रोस्टर तैयार करना और क्लोरीनीकरण की तारीखों का प्रदर्शन सुनिश्चित करना।

(x) पेयजल स्कीमों और गुणवत्ता पर स्कीम के लिए अपेक्षित आंकड़े और जानकारी एकत्र करना।

(xi) पारंपरिक पेयजल स्रोतों का रखरखाव।

(xii) परीक्षण के लिए पेयजल स्रोतों से पानी के नमूनों का संग्रह।

(xiii) भूजल के दोहन पर नियंत्रण के लिए अधिकारियों की सहायता करना।

(xiv) उपयोगकर्ता प्रभार का संग्रह, जहाँ आवश्यक हो।

(xv) हलका पंचायतों को अंतरित सीमा तक पाइप जलापूर्ति स्कीमों का रखरखाव।

(xvi) स्वयं के संसाधनों से स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थाओं में जल शोधन उपकरणों का उपबंध और रखरखाव।

3. वन और सामाजिक वानिकी: -

(i) बंजर भूमि पर वनारोपण।

(ii) सामाजिक वानिकी और कृषि वानिकी का विकास, सामाजिक वानिकी उत्पादों का निपटान।

(iii) पशु चारा, आग की लकड़ी और फलों के लिए पेड़ उगाना।

(iv) कृषि वानिकी का कार्यान्वयन।

(v) नर्सरी की स्थापना और उनका प्रबंधन ।

(vi) आरक्षित वन, संरक्षित वन और वन्य जीव संरक्षित क्षेत्र के अलावा छोटे वन उपज का प्रबंधन।

(vii) सामाजिक वानिकी और कृषि वानिकी परिस्कीम ओं की स्कीम तैयार करना और उनका कार्यान्वयन ।

(viii) हलका पंचायत के नियंत्रण में सड़क के किनारे और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण और संरक्षण।

(ix) अतिक्रमणों से वन क्षेत्र का संरक्षण और किसी भी अविधिमान्य गतिविधि की सूचना संबंधित अधिकारी या कार्यकारी को देना।

(x) विभिन्न स्कीमों / स्कीमों के अधीन प्रतिकरात्मक वनारोपण निधि प्रबंधन और स्कीम प्राधिकरण (सीएएमपीए) या वनारोपण गतिविधियों के लिए स्थलों की पहचान।

(xi) वन्य जीव का पर्यवेक्षण और संरक्षण।

(xii) स्थानीय लोगों के समन्वय में वन की आग को बुझाने में वन विभाग की सहायता के लिए अग्नि सुरक्षा समितियों का गठन ।

4. पर्यटन : -

(i) हलका पंचायत क्षेत्र में पर्यटन स्थलों की पहचान और उनके विकास का प्रस्ताव।

(ii) पर्यटन गतिविधियों के लिए सुविधा प्रदान करना ।

(iii) हलका पंचायत को सौंपे गए पर्यटन केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का उपबंध और रखरखाव।

(iv) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण या अन्य स्थानीय अधिकारियों या सरकारी विभागों द्वारा अनुरक्षित स्थानों के अलावा अन्य पर्यटन स्थलों पर प्रवेश फीस, पार्किंग फीस का संग्रहण ।

5. लोक निर्माण (सड़क और भवन विभाग): -

हलका पंचायतों को अंतरित कार्यों का नियोजन और निर्माण।

6. ग्रामीण विद्युतीकरण, विद्युत शक्ति और ऊर्जा: -

(i) सार्वजनिक सड़कों और स्थानों पर स्ट्रीटलाइट्स की संस्थापना और रखरखाव।

(ii) हलका पंचायत निधियों से और छोटी पारंपरिक और गैर-पारंपरिक ऊर्जा इकाइयों, जैसे और जिसमें छत पर सौर पैनल, बायोगैस, विंड मिल और माइक्रो हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्लांट भी हैं, के लिए स्कीम बनाना, स्थापना, रखरखाव और संवर्धन।

(iii) अन्य पक्षों को अतिरिक्त गैर-पारंपरिक ऊर्जा की बिक्री।

(iv) विद्युतीकरण के लिए बचे हुए और नवनिर्मित मकानों की पहचान।

(v) प्रोत्साहन के आधार पर विद्युत विकास विभाग की ओर से उपयोगकर्ता फीस के संग्रहण पर विनिश्चय लेना और इसे अधिसूचित करना एवं अपने अपने क्षेत्र में 100% मीटर लगाना सुनिश्चित करना।

7. आपदा प्रबंधन: -

(i) आपदाग्रस्त इलाकों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण करना।

(ii) आपदा प्रबंधन सुविधाओं का सृजन और अनुरक्षण ।

(iii) आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जनशक्ति और धन के रूप में स्थानीय संसाधनों की पहचान।

(iv) ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियों का सृजन; नागरिक सुरक्षा कर्मियों की पहचान और रजिस्ट्रीकरण ।

(v) आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए युवाओं की पहचान।

(vi) हलका पंचायत के स्वयं के संसाधनों और सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आपदा पीड़ितों को राहत और प्रतिकर प्रदान करना।

8. पुस्तकालय: -

हलका पंचायत स्तर के पुस्तकालयों और वाचनालयों की स्थापना, प्रबंधन और मॉनीटर करना जिसके अधीन स्वयं के संसाधनों के माध्यम से बैठने की सुविधाएं, किताबें और उनका कम्प्यूटरीकरण भी है।

9. खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ: -

(i) स्कूलों के अंदर और गाँव की भूमि पर खेल के मैदानों की स्थापना और रखरखाव।

(ii) हलका पंचायत स्तर पर सांस्कृतिक गतिविधियों का संरक्षण और पुनरुत्थान।

(iii) युवा क्लबों का संवर्धन।

(iv) गरीब और जरुरतमंद कलाकारों की सहायता करना।

(v) सांप्रदायिक और धार्मिक सद्भाव बनाए रखना।

(vi) हलका पंचायत और क्लस्टर स्तर पर सांस्कृतिक केंद्र, सामुदायिक हॉल और ओपन एयर थिएटर का निर्माण और प्रबंधन।

(vii) हलका पंचायत और क्लस्टर स्तर पर युवा उत्सवों और खेल आयोजनों, कला और संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन और नाटकों का मंचन।

(ix) जीवन कौशल शिक्षा प्रदान करना, नेतृत्व प्रशिक्षण देना और युवाओं के लिए मनोरंजक गतिविधियों का संचालन करना।

10. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग: -

(i) हलका पंचायत स्तर पर औषधालयों और स्वास्थ्य उप-केंद्रों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को अग्रेषित करना और सक्षम प्राधिकार से मंजूरी प्राप्त करना।

(ii) भोजनालयों और मनोरंजन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस के लिए निराक्षेप प्रमाण पत्र।

(iii) आवारा कुत्तों, गलियों में घूमने वाले कुत्तों और आवारा पशुओं का प्रबंधन; पशुओं के रखने के स्थान के प्रबंधन के लिए स्थलों की पहचान।

(iv) महामारी के खिलाफ निवारक और उपचारात्मक उपायों का कार्यान्वयन।

(v) मातृत्व और बाल कल्याण केंद्रों की मॉनीटरी करना और सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना।

(vi) मांस, मछली और अन्य खराब होने वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री का विनियमन।

(vii) प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था के कामकाज की देखरेख और उसके सुधार के लिए तथा उप केन्द्रों का संचालन उनके निवास स्थान के निकट सुनिश्चित करने के लिए गाँव, वार्ड, , ओपिनियन लीडर, प्रशिक्षित जचगी कराने वाली दाई , पुरुष और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (सदस्य सचिव), सरकारी कर्मचारी और मानदेय संदाय के आधार पर कर्मचारी जैसे स्कूल शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि, महिला स्वयं सहायता समूह और समुदाय आधारित संगठन के प्रतिनिधि, आदि को शामिल करते हुए "स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सलाहकार समिति" का गठन तथा समिति की अध्यक्षता हलका पंचायत के सरपंच द्वारा की जाएगी, जिसके क्षेत्र में संस्था पड़ती है और समिति ब्लॉक विकास परिषद को एक तिमाही उत्तरदायित्व रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

(viii) उपर्युक्त समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधीन ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति के रूप में भी कार्य करेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधीन ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति को आवंटित धनराशि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशानिर्देशों के अधीन प्रदान की गई पंचायती राज संस्थान के सदस्य और मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा संयुक्त खाते के माध्यम से संचालित की जाएगी।

(ix) मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में सभी गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रीकरण किया जायेगा और जननी सुरक्षा स्कीम , जननी शिशु सुरक्षा शिक्षाकर्म के अधीन प्रसव के दौरान और प्रसवोत्तर देखभाल और लाभों को माँ और बच्चे तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।

(x) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम या किसी अन्य स्कीम के अधीन "स्कूल हेल्थ चेकअप प्रोग्राम" का पर्यवेक्षण करना और सुविधा प्रदान करना तथा इस बात की मानीटरी करना कि सभी बच्चे देखभाल के अगले स्तर की देखरेख सुविधाएं प्राप्त कर रहे हैं ।

(xi) कुओं और बावड़ियों का क्लोरीनीकरण; सड़कों और नालियों की सफाई; आवारा कुत्तों और मवेशियों की स्वच्छता और नियंत्रण। (पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (1960 का 59) के अनुसार)

(xii) गैस्ट्रोएंटेराइटिस, मलेरिया, डेंगू या किसी अन्य महामारी या बीमारी के प्रकोप की रिपोर्ट करना और स्वास्थ्य समितियों की सहायता से रोकथाम के लिए उपाय शुरू करना।

(xiii) परिवार नियोजन के तरीकों को अपनाने, टीकाकरण आदि के लिए समुदाय को शिक्षित करना और इसके शिविरों का आयोजन करना।

(xiv) जन्म और मृत्यु की रिपोर्टिंग।

(xv) आयुष्मान भारत के अधीन स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के उन्नयन के लिए उप-केंद्र की पहचान करना और उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की मानीटरी करना।

(xvi) सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) आरंभ करना और उनका उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना ।

(xvii) क्षेत्र दौरा रिपोर्ट मासिक आधार पर ब्लॉक विकास परिषद को सौंपी जानी चाहिए।

(xviii) स्वास्थ्य कार्यक्रमों और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता पैदा करना।

(xix) 100% गैर संचारी रोगों की जांच के लिए लाभार्थियों को जुटाने में सहायता करना ।

(xx) ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समितियों और उप स्वास्थ्य केन्द्रों, केंद्रीय स्तर पर आयुष्मान भारत और स्वास्थ्य केंद्रों को दिए गए अनुदान के उपयोग की समीक्षा और हलका पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं को बनाए रखने और उन्नत करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करना।

(xxi) शारीरिक गतिविधियों, खुले जिम, योग आदि के लिए खुले केंद्र बनाने में सहयोग प्रदान करना ।

(xxii) हलका पंचायत को तंबाकू / शराब मुक्त बनाना।

(xxiii) विशेष रूप से टीबी, वायरल हेपेटाइटिस और कुष्ठ रोग के लिए रोग नियंत्रण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की स्कीम बनाना और समय-समय पर उनकी समीक्षा करना ।

11. समाज कल्याण विभाग: -

(i) एकीकृत बाल विकास स्कीम के अधीन पूरक पोषण कार्यक्रम के लाभार्थियों की पहचान और उनका कार्यान्वयन।

(ii) आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए स्थलों की पहचान।

(iii) आंगनबाड़ी केंद्रों का पर्यवेक्षण और प्रबंधन हलका पंचायत को अंतरित करना ।

(iv) हलका पंचायत को अंतरित किये गए आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भवनों का निर्माण, मरम्मत और नवीकरण।

(v) कार्यक्रम के सुचारू संचालन में महिला मंडल के साथ समन्वय करना।

(vi) प्रधान मंत्री मातृत्व वंदना स्कीम (PMMVY) और किशोर लड़कियों के लिए स्कीम (SAG) के अधीन लाभार्थियों की पहचान

(vii) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) और एकीकृत सामाजिक सुरक्षा स्कीम (ISSS) के अधीन लाभार्थियों की पहचान; विद्यमान पेंशनरों का सत्यापन और मृत और गैर-पात्र मामलों से बाहर निकलना।

(viii) एनएसएपी और आईएसएसएस के अधीन सभी भुगतानों का संवितरण ।

(ix) बाल आश्रम और नारी निकेतन और अन्य बाल देखभाल संस्थाओं के लिए लाभार्थियों की पहचान।

(x) बाल कल्याण समितियों और जिला बाल संरक्षण इकाइयों के माध्यम से एकीकृत बाल संरक्षण स्कीम के अधीन देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान।

(xi) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, विकलांगों, वृद्धों, निराश्रितों, विधवाओं और बच्चों के कल्याण के लिए स्कीमों के क्रियान्वयन में ब्लॉक विकास परिषद के साथ समन्वय करना ।

(xii) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ भेदभावपूर्ण प्रथाओं की पहचान करना और कार्रवाई के लिए ब्लॉक विकास परिषद, जिला स्कीम और विकास बोर्ड और संबंधित प्राधिकारियों को रिपोर्ट करना।

(xiii) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की पहचान करना और उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए उपाय सम्बन्धी सुझाव देना ।

(xiv) मादक द्रव्यों के सेवन, कन्या भ्रूण हत्या और घरेलू हिंसा के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने और साथ ही सभी स्कीमों का कार्यान्वयन जिसके अधीन पोषण अभियान, लाडली बेटी, वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ या भविष्य में शुरू की गई कोई अन्य स्कीम भी है सभी के लिए ब्लॉक विकास परिषद और जिला स्कीम और विकास बोर्ड के साथ समन्वय करना ।

(xv) महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा को रोकने के लिए बनाए गए विधियों के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लॉक विकास परिषद तथा जिला स्कीम और विकास बोर्ड के साथ समन्वय करना।

12. उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण विभाग: -

(i) शिकायत निवारण अभिकरण के रूप में कार्य करना और आवश्यकता पड़ने पर उचित मूल्य की दुकानों और सरकारी बिक्री केंद्रों को निदेश जारी करना।

(ii) फर्जी राशन कार्डों को समाप्त करने के लिए पहचान करना और नए राशन कार्ड जारी करने की सिफारिश करना ।

(iii) हलका पंचायत के अधिकार क्षेत्र के अधीन उचित दर दुकानों और सरकारी बिक्री केंद्रों का पर्यवेक्षण।

(iv) सार्वजनिक वितरण प्रणाली को एकीकृत बाल विकास स्कीम, मध्याह्न भोजन स्कीम आदि से जोड़ने के लिए कार्य स्कीम तैयार करने में ब्लॉक विकास परिषद की सहायता करना।

(v) वार्षिक आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अधीन अर्थात अंत्योदय अन्न स्कीम , प्राथमिकता वाले परिवार, गैर प्राथमिकता परिवार की पहचान करना और उनके नाम हटाना ।

(vi) जहां अपेक्षित हो, नए उचित दर दुकानों और मिट्टी के तेल डिपो खोलने के सम्बन्ध में सुझाव देना ।

13. ग्रामीण विकास विभाग: -

(क) साधारण कार्य: -

(i) सार्वजनिक सड़कों, नालों, स्नान घाटों, टैंकों, कुओं, तालाबों और अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई और संरक्षण।

(ii) कब्रिस्तान और श्मशान भूमि की स्थापना और रखरखाव।

(iii) प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यों, जल संरक्षण, वाटरशेड प्रबंधन, वर्मी-खाद निर्माण आदि पर जोर देना।

(iv) पशु फार्म, सामुदायिक पशु शेड, पाउंड, ग्रामीण बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड, टैक्सी, ऑटो स्टैंड, कार्ट स्टैंड, बूचड़खाने और वाणिज्यिक परिसरों का निर्माण और रखरखाव और इन प्रयोजनों के लिए उपयोगकर्ता फीस का संग्रह।

(ख) मनरेगा: -

(i) नियमित ग्राम सभा बैठकों के माध्यम से ग्राम सभा के समन्वय में श्रम बजट तैयार करना, परिस्कीमों का कालनिर्धारण करना और वार्षिक कार्य स्कीम तैयार करना और विहित दिशा-निर्देशों के अनुसार हलका पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को सख्ती से लागू करना।

(ii) जिला स्कीम और विकास बोर्ड द्वारा अनुमोदित वार्षिक कार्य स्कीम और जिला अभिसरण स्कीम के अनुसार कार्यों का निष्पादन (80% जिला स्कीम पंचायतों के लिए और 20% जिला विकास अंतर पंचायत कार्य आयुक्त के लिए विहित)।

(iii) स्कीम के अधीन सामाजिक लेखापरीक्षा के लिए हलका मजलिस (ग्राम सभा) का आयोजन करना और लेखापरीक्षा के लिए अपेक्षित सामाजिक लेखापरीक्षा दल को सभी जानकारी प्रदान करना।

(iv) कार्य के लिए जॉब कार्ड और श्रमिक मांग के संबंध में आवेदन प्राप्त करना और उस के प्रति दिनांकित रसीद जारी करना।

(v) आवेदन के एक महीने के भीतर परिवारों को जॉब कार्ड जारी करना।

(vi) ऐसे आवेदकों, को जो श्रम की मांग करते हैं पंद्रह दिन की कानूनी अवधि के भीतर कार्य का मिल जाना सुनिश्चित करना और ऐसा करने में विफलता की दशा में अपनी स्वयं की निधियों से बेरोजगारी भत्ता का संदाय करना ।

(vii) काम आरंभ होने के पंद्रह दिन के भीतर मस्टर-शीट तैयार करना और उसके पश्चात पाक्षिक मस्टर सीटों को तैयार किया जाना सुनिश्चित करना।

(viii) मस्टर-सीटें को तैयार करने के पंद्रह दिन के भीतर मजदूरी चाहने वाले व्यक्तियों के लिए मजदूरी संदाय सुनिश्चित करना और ऐसा करने में विफलता की दशा में अपने संसाधनों से विलंब के लिए प्रतिकर का संदाय करना ।

(ix) प्रत्येक मास की पहली तारीख को ग्राम रोजगार दिवस और प्रत्येक मास की 15 तारीख को महिला मजदूर दिवस का आयोजन करना ।

(x) कार्य स्थल की सुविधाओं जैसे पीने का पानी, प्राथमिक उपचार, कार्य स्थल पर दस या अधिक बालकों के उपस्थित होने की दशा में बालकों की देखभाल की सुविधाओं आदि का उपबंध।

(xi) विहित नियमों के अनुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अधीन कार्यों के लिए प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करना और संदाय करना।

(xii) सभी पंचायतों से संबंधित अभिलेखों के संरक्षक के रूप में कार्य करना और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अधीन यथा विहित प्रत्येक व्यक्तिगत कार्य और रजिस्टरों के लिए पंचायत आस्ति रजिस्टर, मामला अभिलेखों का रखरखाव सुनिश्चित करना।

(xiii) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अधीन जीपी स्तर पर 60:40 (श्रम सामग्री अनुपात) का रखरखाव।

(xiv) स्कीम के अधीन जागरूकता सृजन और सामाजिक गतिशीलता।

(xv) प्रमुख सामग्री जैसे रेत, पत्थर और बजरी की आपूर्ति के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विक्रेताओं का रजिस्ट्रीकरण ।

(ग) ग्रामीण स्वच्छता (एसबीएम): -

(i) स्वास्थ्य और स्वच्छता नीति तैयार करना और उसका कार्यान्वयन करना ।

(ii) गृह इकाइयों, सार्वजनिक स्थानों और सभी स्थानीय संस्थाओं के लिए हलका पंचायत स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम की स्कीम तैयार करना और उसका कार्यान्वयन करना और जहां आवश्यक हो, इस प्रयोजन के लिए उपयोगकर्ता प्रभार का संग्रहण।

(iii) स्वच्छता और ठोस, तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के रखरखाव के लिए तथा अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने के लिए समुदाय को जागरूक बनाना।

(iv) संघ राज्य क्षेत्र तकनीकी सलाहकार समिति, जिला जल और स्वच्छता समिति और ब्लॉक स्तरीय समिति के परामर्श से भूमि की पहचान और ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई की स्थापना।

(v) ठोस अपशिष्ट का संग्रहण, पृथक्करण और बहु ग्राम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्रों तक ठोस अपशिष्ट का परिवहन।

(vi) व्यक्तिगत, सामुदायिक शौचालयों और स्नानघरों और स्वच्छता संबंधी प्रक्षेत्रों का निर्माण और उनका रखरखाव।

(vii) लावारिस पशु शवों और उनके कंकालों का निपटान,त्वचा और खाल निकालने, उनकी धुलाई और रंगाई का विनियमन।

(viii) ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई की स्थापना के लिए अपशिष्ट उत्पादन की मात्रा और इसके प्रकार और मांग के मूल्यांकन का सर्वेक्षण।

(ix) मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता और नीति नियोजन; गुलाबी शौचालयों का कार्यान्वयन और निर्माण; गुलाबी शौचालयों में वेंडिंग मशीनों और भस्मक का नियमित पुन:भरण तथा उनका संचालन और रखरखाव।

(घ) प्रधानमंत्री आवास स्कीम (पीएमएवाई): -

(i) हलका मजलिस (ग्राम सभा) के माध्यम से पीएमएवाई सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना सूचियों का सत्यापन और मकानों के अनुदान के लिए प्राथमिकताएं निश्चित करना।

(ii) गैर-सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना लाभार्थियों की पहचान और उनकी आवास प्लस सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग।

(iii) सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना सूची में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए विशेष सूचियां तैयार करना।

(iv) राजमिस्त्री प्रशिक्षण के लिए व्यक्तियों की पहचान और दिशानिर्देशों के अनुसार राजमिस्त्री प्रशिक्षण का संचालन सुनिश्चित करना।

(v) लाभार्थियों को मकानों की समय पर मंजूरी और किस्तों का सं. वितरण सुनिश्चित करना और पीएमएवाई के अधीन सभी लाभार्थी निधियों को हलका पंचायतों को सौंप दिया जाएगा।

(vi) पहली किस्त के संवितरण के नौ मास के भीतर मकानों को संपूर्ण करना पंचायतों की जिम्मेदारी होगी।

(ङ.) आईडब्ल्यूएमपी : -

(i) एकीकृत जल संग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम के अधीन विकास के लिए जल संग्रहण क्षेत्रों, तालाबों, बंजर भूमि, आदि की पहचान।

(ii) हलका मजलिस (ग्राम सभा) के माध्यम से परिस्कीम क्षेत्र में जल संग्रहण विकास समितियों का निर्माण।

(iii) जल संग्रहण परिस्कीम क्षेत्र के अधीन किए जाने वाले कार्यों की पहचान।

(iv) जल संग्रहण विकास समितियों के माध्यम से पंचायत स्तर पर कार्यों का निष्पादन।

14. शिक्षा विभाग: -

(i) प्राथमिक स्कूलों में स्कूल जाने की आयु के बालकों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना और ड्रॉप-आउट की घटनाओं के बिना एक कक्षा से दूसरे कक्षा के छात्रों का भेजा जाना सुनिश्चित करना।

(ii) प्राथमिक स्कूलों में मानदंडों के अनुसार स्कूल रखरखाव अनुदान (एसएमजी), शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) और शिक्षक अधिगम उपकरणों (टीएलई) के उपयोग का निरीक्षण करना।

(iii) प्राथमिक स्कूलों में लक्ष्य समूह के छात्रों को अध्ययन सामग्री, वर्दी और छात्रवृत्ति के वितरण का निरीक्षण करना और उसे मॉनीटर करना।

(iv) स्थानीय स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजी) (गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक स्तर के संगठनों) के माध्यम से प्राथमिक स्कूलों में मिड-डे-मील को तैयार करना और उसका वितरण, जिसके लिए निधियां पंचायतों को अंतरित की जाएगी और हलका पंचायत भी निधियां सुनिश्चित करेगी, अभिहित अभिकरणों के माध्यम से मिड-डे-मील की साप्ताहिक गुणवत्ता जांच और प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

(v) प्राथमिक स्कूल स्तर पर ग्राम शिक्षा समितियों और स्कूल प्रबंधन समितियों की नियमित बैठकें सुनिश्चित करना और उनके कार्यकरण की रिपोर्ट करना।

(vi) प्राथमिक स्कूलों में पेयजल और शौचालय सुविधाओं के निर्धारण करना और आवश्यकता के अनुसार स्कीम तैयार करना और उनका पूरा किया जाना सुनिश्चित करना।

(vii) प्राथमिक स्कूल और माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारिवृंद और छात्रों की नियमित उपस्थिति की निगरानी करना और जेडईओ, सीईओ और डीडीसी को रिपोर्ट करें।

(viii) हलका पंचायत को अंतरित सीमा तक प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का संनिर्माण।

(ix) गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और सामुदायिक स्तर के संगठनों के माध्यम से प्राथमिक स्कूल स्तर पर पिछड़े वर्गों और समूहों, बालिकाओं, विशेष रूप से विकलांग, अल्पसंख्यक समूहों और अनाथों के लिए छात्रावासों की स्कीम तैयार करना, उनकी स्थापना और प्रबंधन करना ।

15. राजस्व विभाग: -

(i) ग्राम की शामलात भूमि, बंजर भूमि, कचराई भूमि, जल मार्ग, सड़क और तटबंधों की वास्तविक प्रास्थिति से संबंधित भूमि अभिलेखों के आवधिक रूप से अद्यतन करने में स्थानीय प्रशासन की सहायता करना और अतिक्रमण हटाने में सहयोग करना।

(ii) पटवारी द्वारा पटवार खानों और पंचायत घरों के नोटिस बोर्ड पर अपने मासिक कार्य चार्ट चस्पाता जो पंचायत हलका क्षेत्रों का दौरा करने वाले कार्य दिवसों को इंगित करेगा।

(iii) संबंधित हलका पंचायतें यह सुनिश्चित करेंगी कि सभी पात्र किसानों को जम्मू-कश्मीर भूमि राजस्व अधिनियम के अधीन अपेक्षानुसार किसान पासबुक जारी की जाएं और उन्हें संबंधित राजस्व क्षेत्र के कृत्यकारियों द्वारा नियमित रूप से अद्यतन किया जाए।

(iv) राजस्व अभिलेखों के उद्धरणों को प्राप्त करने में भूमि स्वामियों द्वारा सामना की गई किसी भी कठिनाई के मामले में शिकायत निवारण तंत्र के रूप में कार्य करना और मामलों को पटवारी को संबंधित तहसीलदार या उप-मण्डल मजिस्ट्रेट या जिला कलक्टर द्वारा निदेशित करना यथा साध्य शीघ्र कि वहां पंचायत के माध्यम से जारी करना।

(v) आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों को राहत प्रदान करने में प्रशासन को आवश्यक सहायता प्रदान करना।

(vi) राजस्व अभिलेखों में गलत प्रविष्टियाँ, कदाचार अभिलेखों में छेड़छाड़ तथा भूमि के संपरिवर्तन के बारे में यथास्थिति तहसीलदार, उपमण्डल मजिस्ट्रेट या जिला कलेक्टर या उच्चतर प्राधिकारियों को रिपोर्ट करना

(vii) वार्षिक गिरदावरी का संचालन, जामाबंदी की तैयारी और अन्य सभी राजस्व दस्तावेजों के माध्यम से स्थानीय प्रशासन और राजस्व कृत्यकारियों को जमीनी स्थिति में हुए बदलाव के साथ-साथ भूमि अभिलेख आवधिक रूप से अद्यतन करने में सहायता करना।

(viii) किसी भी प्रचलित स्कीम के अधीन भूमि के आवंटन के लिए भूमिहीन परिवारों की पहचान।

16. प्रमाण पत्र जारी करना: -

(i) भूविज्ञान और खनन विभाग के क्रियाकलापों, विद्युतीकरण, जैव विविधता, भूमि संपरिवर्तन, होम स्टे के लिए अनुज्ञप्ति, रिसॉर्ट्स, बार और रेस्तरां, होटल, शराब की दुकानें, कब्रस्तान और शमशान घाट, शमशान, बूचड़खाना आदि के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना।

(ii) समय-समय पर सरकार द्वारा अधिसूचित प्रक्रिया के अनुसार जन्म, मृत्यु, चरित्र, आश्रित, विवाह प्रमाण पत्र और राशन कार्ड जारी करना।

17. सांख्यिकी और स्कीम : -

(i) गाँव से संबंधित सभी आँकड़ों का संग्रहण, सारणीकरण और अद्यतन करना ।

(ii) एकत्र किए गए आँकड़ों के अनुसार परिदृश्य स्कीम ओं और वार्षिक स्कीम ओं की तैयारी के लिए टीमों और समितियों का गठन ।

18. सहयोग: -

सहकारी गतिविधियों को लोकप्रिय बनाने और मजबूत करने के लिए कार्यक्रमों की तैयारी और कार्यान्वयन।

19. ग्रामीण पर्यावरण और पारिस्थितिकी: -

(i) राष्ट्रीय और संघ राज्य क्षेत्र नीति के अनुरूप ग्रामीण परिवेश और पारिस्थितिकी की सुरक्षा और संरक्षण के लिए स्कीम तैयार करना और कार्यान्वयन।

(ii) ग्राम पंचायत जैव विविधता प्रबंधन समिति की स्थापना ।

(iii) जनसाधारण जैव विविधता रजिस्टर तैयार करना।

(iv) जैव विविधता अधिनियम, 2002 के लिए स्कीम ओं और कार्यक्रमों की तैयारी और कार्यान्वयन।

(v) पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों का संरक्षण।

(vi) पर्यावरण की सुरक्षा के लिए स्कीम ओं की तैयारी और कार्यान्वयन।

(vii) पार्कों का रखरखाव और सार्वजनिक स्थानों पर खाद गड्ढों का विनियमन।

20. ज्ञान प्रबंधन: -

(i) गृह इकाई से सम्बंधित आंकड़ों का संग्रहण और संकलन और डेटाबेस को बनाए रखना।

(ii) गाँव के इतिहास, संस्कृति और विरासत की रिकॉर्डिंग।

(iii) गाँव के मानव विकास को अवधारित करने के लिए सर्वेक्षण और अध्ययन संचालित करना।

(iv) मानव विकास सूचकांक की आवधिक संगणना।

(v) हलका पंचायत के लोगों को सभी आंकड़े उपलब्ध कराना।

(vi) सभी सरकारी स्कीमों के लिए जागरूकता सृजन और सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियाँ।

21 . सामुदायिक आस्ति प्रबंधन: -

(i) हलका पंचायत क्षेत्र के भीतर सामुदायिक आस्तियों की सुरक्षा , संरक्षण और प्रबंधन, उनकी मानचित्रण, माप, व्यापक प्रलेखन और अनुरक्षण ।

(ii) सभी आस्तियों जैसे तालाबों, जल नाली, नहरों, कृषि गड्ढों, कुओं, बोर-कुओं और अन्य कुओं, चारागाहों, जंगलों, पौधा रोपण, आदि के अभिलेखों का व्यवस्थित प्रलेखन और संरक्षण।

अनुसूची 1-ख

(धारा 26 देखें)

1. इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, हलका पंचायत को क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए विभिन्न कर्तव्यों और कार्यों को क्रियान्वित करने की शक्तियां प्राप्त होंगी,

और इस अधिनियम द्वारा उस पर अधिरोपित कर्तव्यों का पालन के लिए हलका पंचायत को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। ।

2. प्रत्येक हलका पंचायत में एक सदस्य सचिव होगा जो ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग का एक कर्मचारी होगा (विभाग द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा)।

3. हलका पंचायत स्तर पर विभिन्न स्कीमों ओं के कार्यान्वयन से जुड़े अनुसूची I-क में अंतर्विष्ट विभागों के कर्मचारी, अनुसूची I-क के अनुसार, विभिन्न कार्यों को करने में सहायता करने के लिए हलका पंचायत के कर्मचारी होंगे, जिसमे कनिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, रहबर-ए-ज़रात, पशुचिकित्सा फार्मासिस्ट, स्टॉक सहायक, झुंड पर्यवेक्षक, स्टॉक सहायक, विस्तार अधिकारी (मत्स्य), शिक्षक, रहबर-ए-तालीम, बागवानी तकनीशियन, कनिष्ठ अभियंता, इंजीनियरी विभागों के पर्यवेक्षक और उप-केंद्र, औषधालयों में फार्मासिस्ट , आशा कार्यकर्ता, सहायक नर्स मिडवाइफरी और महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (FMPHW) शामिल होंगे ।

4. केन्द्रीय सहायता प्राप्त और संघ राज्य क्षेत्र प्रायोजित स्कीमों के अधीन अनुसूची क में अंतर्विष्ट विषय के लिए लगाए कर्मचारिवृंद भी हलका पंचायत के कर्मचारी होंगे:

परंतु स्थायी कर्मचारिवृंद के वेतन, देय और अन्य भत्ते संबंधित विभाग द्वारा प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित विभाग द्वारा आहरित और वितरित किए जाएंगे, और समर्पित कर्मचारिवृंद का मानदेय विभाग द्वारा संबंधित विभागों द्वारा दिशानिर्देशों में अधिकर्थित प्रक्रिया के अनुसार आहरित और वितरित किया जाएगा :

परंतु यह और कि ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता, सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम), महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एफएमपीएचडब्ल्यू) लेखाकार-सह आंकड़ा प्रविष्टि प्रचालक, आगनवाड़ी कर्मचारी, सहायक और आशा कार्यकर्ता का वेतन या मानदेय (जैसा कि लागू होता है) विहित प्रक्रिया के अनुसार हलका पंचायत द्वारा आहरित किया जाएगा। ।

5. हलका पंचायतें ऐसे विनियोजन के लिए सरकार से औपचारिक मंजूरी के पश्चात ही अपने स्तर पर कर्मचारिवृंद को शामिल कर सकती हैं।

अनुसूची I-ग
(धारा 14 देखें)

1. प्रत्येक हलका पंचायत के पास एक निधि होगी, जिसे हलका पंचायत निधि कहा जाएगा, जिसे सचिव पंचायत और सरपंच द्वारा ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज विभाग द्वारा अधिसूचित प्रक्रिया के अनुसार संचालित किया जाएगा।

2. इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, तवधीन बनाए गए नियमों और सरकार, समय-समय पर जारी किए गए के निदेशों, हलका पंचायत को सरकार द्वारा अधिसूचित प्रक्रिया के अनुसार निधि को सख्ती से प्रचालित करने की शक्तियां होंगी, जिसमें निम्न बातें सम्मिलित होंगी-

(i) अनुसूची I-क में अंतर्विष्ट विषयों से संबंधित निधि में संबंधित प्रशासनिक विभागों द्वारा हलका पंचायतों को अंतरित की गई केन्द्रीय रूप से प्रायोजित प्रमुख स्कीमों के अधीन निधि सम्मिलित हैं;

(ii) संघ राज्य क्षेत्र और केंद्रीय वित्त आयोग के अनुदान;

(iii) सरकार द्वारा समय-समय पर हलका पंचायत को अंतरित परिव्यय;

(iv) सरकार द्वारा हलका पंचायत के आकस्मिक विकास कार्यों को पूरा करने के लिए हलका पंचायत को उपलब्ध कराए गए एकीकृतअनुदान;

(v) धारा 15 के अधीन उदग्रहीत भवन निर्माण अनुमति फीस, वार्षिक प्रभार और फीस तथा जारी किए गए प्रमाण पत्र के लिए फीस, , उपयोगकर्ता प्रभार, प्रोत्साहन और अन्य स्रोतों के माध्यम से सृजित स्वयं के संसाधन;

(vi) ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता, सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम), महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एफएमपीएच डब्ल्यू), लेखाकार-सह-आंकड़ा प्रविष्टि प्रचालक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता या सहायक और आशा कार्यकर्ता का वेतन या मानदेय (जैसा कि लागू है);

(vii) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के लिए वार्षिक कार्य स्कीम के अधीन 80% निधि ।

(viii) पीएमएवाई (केवल निर्माण घटक), समेकित जल संग्रहण प्रबंधन स्कीम (केवल कार्य घटक), मध्याह्न भोजन, एकीकृत बाल विकास स्कीम (केवल पोषण घटक), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता स्कीम और एकीकृत सामाजिक सुरक्षा स्कीम के अधीन 100% निधि।

3. हलका पंचायतें विभिन्न कार्यक्रमों के लिए धन का उपयोग करते समय केंद्रीय सरकार और संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा जारी वित्तीय नियमों, निदेशों और दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करेंगी।

4. हलका पंचायतें विहित रीति से संपरीक्षित किए जाने वाले वार्षिक खातों का विवरण तैयार करेंगी।

5. यथास्थिति केंद्रीय सरकार या संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा वित्तपोषित स्कीम पर व्यय उपगत करते समय केंद्रीय सरकार या संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा विहित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

अनुसूची II-क

(धारा 31 देखें)

I अनुसूची में अंतर्विष्ट मामलों के संबंध में क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करना ब्लॉक विकास परिषद का कर्तव्य होगा और वह अंतर-हलका पंचायत क्षेत्रों के संबंध में गतिविधि की स्कीम भी तैयार करेगी और विभिन्न स्कीमों के अधीन निधि की उपलब्धता के अध्यधीन मामले को भी देखेगी।

II इस अधिनियम के अन्य उपबंधों और सरकार द्वारा जारी समय-समय पर निदेशों और दिशानिर्देशों के अधीन रहते हुए, ब्लॉक विकास परिषद अनुसूची में अंतर्विष्ट मामलों को प्रशासित करेगी और आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के उद्देश्य के लिए इसमें विनिर्दिष्ट विषयों के सम्बन्ध में स्कीमें तैयार करेगी और इन्हें क्रियान्वित करेगी।

III ब्लॉक विकास परिषद परिस्कीम ओं के आकलन के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार और साथ ही सरकार द्वारा जारी व्यय मंजूरी के अधीन सख्ती से अपने कार्यों को निष्पादित करेगा ।

(क) साधारण कार्य: -

(i) इस अधिनियम और सरकार या जिला स्कीम और विकास बोर्ड द्वारा सौंपी गई स्कीमों और जिला स्कीम के साथ एकीकरण के लिए विहित समय सीमा के भीतर जिला स्कीम और विकास बोर्ड को उनके प्रस्तुतीकरण के आधार पर वार्षिक कार्यक्रम तैयार करना ।

(ii) ब्लॉक में सभी हलका पंचायतों की वार्षिक स्कीमों के विचारण और समेकन तथा जिला स्कीम ओं के साथ एकीकरण के लिए एक विहित समय के भीतर जिला स्कीम और विकास बोर्ड को समेकित स्कीम ओं को प्रस्तुत करना।

(iii) ब्लॉक विकास परिषद के वार्षिक बजट की तैयारी और जिला स्कीम और विकास बोर्ड को प्रस्तुत करना।

(iv) प्राकृतिक विपत्तियों और आपदा के दौरान राहत और प्रतिकर के वितरण में प्रशासन की सहायता करना।

(v) सरकार या जिला स्कीम और विकास बोर्ड द्वारा सौंपे जा सकने वाले कार्यों को निष्पादित करना ।

(vi) अंतरित ब्लॉक स्तर की सरकारी सुविधाओं का निर्माण और रखरखाव।

(ख) विशिष्ट कार्य-

1. कृषि, पशु, भेड़, मत्स्य और बागवानी विभाग: -

(i) अनुमोदन के लिए जिला स्कीम और विकास बोर्ड को प्रस्तुत करने के लिए ब्लॉक स्तर पर कृषि उत्पादन विभाग के क्षेत्र के अधिकारियों के परामर्श से कृषि स्कीम तैयार करना।

(ii) हलका पंचायतों से प्राप्त समेकित मांग और उसे जिला स्कीम और विकास बोर्ड को प्रस्तुत करना ।

(iii) कृषि विस्तार गतिविधियों की निगरानी।

(iv) विभागीय कर्मचारिवृंद के तकनीकी मार्गदर्शन में चल रही स्कीम ओं की निगरानी।

(v) नियंत्रण उपायों के लिए जिला स्कीम और विकास बोर्ड या राज्य मुख्यालय के साथ बीमारियों के प्रसार की समय पर निगरानी और समय पर संपर्क सुनिश्चित करना।

(vi) व्यापक कृषि और बागवानी स्कीम ओं की तैयारी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सामान्य और तकनीकी प्रशिक्षण को सुकर बनाना और पर्यवेक्षण करना।

(vii) बागवानी नर्सरी सहित कृषि बीज फार्मों का रखरखाव।

(viii) किसान मेलों के माध्यम से सब्जी, फल और अन्य फसलों की प्रदर्शनियों का आयोजन करना।

(ix) किसानों की खेती और प्रशिक्षण की बेहतर पद्धतियोंसे आय में वृद्धि के लिए तकनीकी कार्मिकों और प्रशिक्षणों के माध्यम से ग्राम पंचायतों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।

(x) ग्राम पंचायतों द्वारा एकत्रित आंकड़ों का समेकन और कृषि और बागवानी उत्पादन के लिए ब्लॉक स्तर की स्कीम तैयार करना।

(xi) कीटनाशकों, नाशक जीवमार और अन्य इनपुटों के वितरण की निगरानी करना।

(xii) ब्लॉक स्तर पर पशु और भेड़ पालन कार्यक्रमों की नीति नियोजन के संबंध में समन्वय।

(xiii) पशु बाँझपन और स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की सिफारिश करना।

(xiv) प्रदर्शनियों, पशुधन शो, पशु मेले, दूध उत्पादन प्रतियोगिताएं और बछड़े की रैलियों का आयोजन।

(xv) पशुओं में महामारी और संक्रामक रोगों को नियंत्रित करने के लिए निवारक उपाय करने के लिए ग्राम पंचायत को टीके, दवाएं, चिकित्सा सहायता प्रदान करना।

(xvi) पशुओं, मुर्गी और अन्य जीवित पशुधन की नस्ल में सुधार के लिए उपाय सम्बन्धी सुझाव देना ।

(xvii) पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, कृषि के विपणन, बागवानी उत्पादन, आदि की गतिविधियों के लिए सहकारी सोसाइटियों के संवर्धन को प्रोत्साहन देना।

(xviii) मत्स्य विभाग के पदाधिकारियों के तकनीकी सहयोग से हलका पंचायतों के माध्यम से मछली किसानों से मांग प्राप्त करना और सीडलिंग का वितरण करना ।

(xix) हलका पंचायतों को सौंपे गए सभी कृत्यों और गतिविधियों की निगरानी और समीक्षा।

(xx) विभाग द्वारा जहां कहीं उपलब्ध कराई गई माँगों और इनपुटों के मूल्यांकन के लिए कृषि और बागवानी विभाग के साथ समन्वय स्थापित करना।

(xxi) कृषि और बागवानी विभाग के साथ समन्वय करके किसान प्रशिक्षण शिविर, अध्ययन भ्रमण, सेमिनार आदि का आयोजन करना।

(xxii) विभागों के माध्यम से उन्नत किस्मों और प्रौद्योगिकी पर प्रदर्शनों का आयोजन ।

(xxiii) ग्राम-वार बागवानी, कृषि, पशु और भेड़ की गणना का संचालन सुनिश्चित करना।

(xxiv) संबंधित विभाग के माध्यम से प्रत्येक अंतर पंचायत जल संग्रहण क्षेत्र के लिए कार्य स्कीम तैयार करना।

2. उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण विभाग: -

(i) सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी जिसमें वस्तुओं का संचलन और उपलब्धता सम्मिलित है।

(ii) फर्जी राशन कार्डों की पहचान और उन्मूलन के लिए कदम उठाना।

(iii) अन्य कल्याणकारी स्कीमों के साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली स्कीमों को जोड़ने में समन्वय करना।

(iv) जिला स्कीम और विकास बोर्ड को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में आवाच्छिक रिपोर्ट और विवरणी भेजना ।

(v) उपभोक्ता संरक्षण और कल्याण स्कीमों के बारे में सूचना का प्रसार और जागरूकता सृजित करना .

3. शिक्षा विभाग: -

(i) ड्राप आउट स्थिति का मूल्यांकन करना और इसे कम करने के लिए उचित कार्रवाई शुरू करना।

(ii) माध्यमिक स्कूलों में मानदंडों के अनुसार स्कूल रखरखाव अनुदान (SMG), शिक्षण अधिगम सामग्री (TLM) और शिक्षण अधिगम उपकरण (TLE) का उपयोग करना।

(iii) सरकारी माध्यमिक स्कूलों के लिए छात्रों की पहचान और नामांकन में सहायता करना।

(iv) माध्यमिक स्कूलों में लक्ष्य समूह के छात्रों को अध्ययन सामग्री, वर्दी और छात्रवृत्ति की निगरानी और वितरण।

(v) स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, गैर-सरकारी संगठनों और सामुदायिक स्तर की समितियों के माध्यम से माध्यमिक स्कूलों में मिड डे मील की तैयारी और वितरण, जिसके लिए धनराशि को ब्लॉक विकास परिषद में अंतरित किया जाएगा और ब्लॉक विकास परिषद भी अभिहित अभिकरणों के माध्यम से मिड डे मील की साप्ताहिक गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करेगा और प्रतिकूल रिपोर्ट यदि कोई हो मिलती है, तो तत्काल कार्रवाई करेगा ।

(vi) माध्यमिक स्कूल स्तर पर ग्राम शिक्षा समिति (VECs) और स्कूल प्रबंधन समितियों (SMCs) के कामकाज की निगरानी और रिपोर्ट।

(vii) माध्यमिक स्कूलों में पेयजल और शौचालय सुविधाओं का मूल्यांकन और आवश्यकता के अनुकूल स्कीम तैयार करना और इसका कार्यान्वयन सुनिश्चित करना ।

(viii) वयस्क साक्षरता को बढ़ावा देना और ब्लॉक स्तर पर पारंपरिक और गैर-पारंपरिक शिक्षा दोनों की स्कीम बनाना और निगरानी करना।

(ix) शिक्षा से संबंधित केंद्रीय और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रायोजित कार्यक्रमों का समन्वय।

(x) सरकार द्वारा यथा अंतरित माध्यमिक स्कूल भवनों का निर्माण और रखरखाव।

(xi) युवा क्लब और महिला मंडल के माध्यम से सामाजिक शिक्षा को बढ़ावा देना।

(xii) पिछड़े वर्गों और समूहों, बालिकाओं, विशेष रूप से विकलांग, अल्पसंख्यक समूहों और अनाथों के लिए माध्यमिक स्तर पर छात्रावासों की स्कीम , स्थापना, प्रबंधन।

4. वन विभाग: -

(i) संबंधित रेंज अधिकारियों के परामर्श से हलका पंचायतों द्वारा पहचान की गई भूमि के संबंध में वनीकरण के लिए कार्य स्कीम तैयार करना और इसमें नर्सरी तैयार करना भी सम्मिलित होगा।

(ii) अनुमोदित भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार हलका पंचायत के माध्यम से सूक्ष्म स्कीमों के निष्पादन की निगरानी करना।

(iii) समय-समय पर समेकित खातों और रिपोर्ट को जिला स्कीम और विकास बोर्ड को प्रस्तुत करना ।

(iv) वनों के अतिदोहन के मामलों की निगरानी करना और इसके विनियमन के लिए वन विभाग को सिफारिशें प्रस्तुत करना।

(v) वन विभाग के मृदा संरक्षण कार्यों का पर्यवेक्षण।

(vi) वनीकरण, वृक्षारोपण और उनके क्षेत्र के भीतर काम करने वाले नर्सरी का पर्यवेक्षण।

(vii) वन्यजीव के संरक्षण का पर्यवेक्षण करना और मानव-पशु संघर्ष को दूर करने में वन्यजीव विभाग की सहायता करना।

(viii) खेत वानिकी को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तर की नर्सरी से आवश्यकता होने पर ग्राम पंचायत को नई पौध तैयार करना, पौधे रोपित करना और वितरित करना ।

(ix) चारा विकास और ईंधन वृक्षारोपण के क्षेत्र में ग्राम पंचायत को तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का संचालन करना।

(x) नियंत्रणाधीन सड़कों और अन्य सार्वजनिक भूमि के किनारों पर वृक्षारोपण और वृक्षों का रखरखाव।

5. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग: -

(i) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सलाहकार समितियों का गठन।

(ii) स्वास्थ्य और परिवार शिविरों, प्रदर्शनियों और मेलों के आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करना।

(iii) सरकार द्वारा यथा अंतरित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्टाफ क्वार्टर और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का संनिर्माण और रखरखाव ।

(iv) ब्लॉक विकास परिषद क्षेत्रों में महामारी को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सहायता से सभी प्रभावी उपाय करना।

(v) टीकाकरण और टीकाकरण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना और 100% बच्चे और गर्भवती महिला का टीकाकरण सुनिश्चित करना ।

(vi) स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता कार्यक्रमों के प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत को निरंतर सहायता के लिए एक प्रणाली और तंत्र की स्थापना।

(vii) विशेष रूप से दिव्यांग और मानसिक रूप से दिव्यांग लोगों के लिए सुविधाएं और केंद्र स्थापित करना।

(viii) ब्लॉक विकास परिषद स्तर पर परिवार कल्याण कार्यक्रमों की स्कीम और कार्यान्वयन।

(ix) ब्लॉक के भीतर सभी निर्माण, कार्यालय और प्रक्रियाएँ दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से अनुकूल हों, ऐसा सुनिश्चित करना ।

(x) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को दिए गए अनुदान के उपयोग की समीक्षा और हलका पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं को बनाए रखने और उन्नत करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करना।

(xi) शारीरिक गतिविधियों, खुले जिम, योग आदि के लिए खुले स्थान बनाने में सहायता।

(xii) ब्लॉक विकास परिषद को तंबाकू / शराब मुक्त बनाना ।

(xiii) विशेष रूप से टीबी, वायरल हेपेटाइटिस और कुष्ठ और मलेरिया सहित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों की स्कीम बनाना और कार्यान्वयन की स्थिति की समय-समय पर समीक्षा करना ।

6. उद्योग और वाणिज्य विभाग: -

(i) बैंकों, सरकारी संस्थाओं और विभागों द्वारा ऋणों की वसूली में सहायता।

(ii) क्षेत्र में कौशल की उपलब्धता और भविष्य की मांग के संबंध में जानकारी प्रदान करना ।

(iii) संचालन के अपने संबंधित क्षेत्र में उन स्थानों और लक्षित समूहों की पहचान करना जहाँ कारीगरों, बुनकरों, शिल्प व्यक्तियों आदि के लिए औद्योगिक जागरूकता कार्यक्रम, उद्यमिता विकास कार्यक्रम और, जागरूकता शिविर आयोजित करने की सम्भावना हो।

(iv) प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम और जम्मू-कश्मीर रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अधीन लाभार्थियों की पहचान करने में सहायता करना।

(v) अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर औद्योगिक क्षेत्रों और संपदाओं की स्थापना के लिए भूमि की पहचान करना और विचार के लिए जिला स्कीम और विकास बोर्ड को प्रस्ताव प्रस्तुत करना ।

(vi) सम्मेलनों, संगोष्ठियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कृषि और औद्योगिक प्रदर्शनियों का आयोजन।

(vii) लघु औद्योगिक सम्पदाओं की स्थापना।

(viii) स्वरोजगार स्कीमों का गठन और कार्यान्वयन।

(ix) ग्राम पंचायत कलस्टर के लिए या ग्राम पंचायतों के समूह के लिए इनपुट सेवाओं और सामान्य सुविधा केंद्रों का निर्माण।

(x) क्लस्टर स्तर के जनसाधारण सुविधा केंद्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।

7. लोक निर्माण विभाग: -

(i) हलका पंचायतों और अन्य अभिकरणों द्वारा निर्माण कार्यों की निगरानी।

(ii) अंतर-पंचायत लिंक सड़कों की पहचान करना और ब्लॉक विकास परिषद स्कीम में उनका समावेशन।

(iii) ऐसी ग्रामीण सड़कों का रखरखाव जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा ब्लॉक विकास परिषद को अंतरित किया जा सकता है।

(iv) विभाग के कर्मचारीवृंदों, ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों द्वारा विभिन्न कार्यों के निष्पादन के समय, सतर्कता बरतने और धन के गलत उपयोग, भ्रष्ट आचरण, और सड़कों और अन्य संरचनाओं पर अतिक्रमण आदि के मामलों को सामने लाने के लिए लोक निर्माण विभाग के संबंधित प्राधिकरण को सूचित करना ।

(v) ब्लॉक विकास परिषद में निहित किसी भी भवन या अन्य संपत्ति का रखरखाव।

(vi) ब्लैक स्पॉट्स (जहां बार बार दुर्घटना होती हैं) की पहचान करना और जिला स्कीम और विकास बोर्ड को उपचारात्मक उपायों की सिफारिश करना ।

8. सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरी और सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण विभाग:-

(i) संभावित स्कीमों की पहचान, जिसके अधीन ब्लॉक विकास परिषद के अधिकारिता के भीतर एक से अधिक हलका पंचायत को कवर करने वाली जल संचयन भी है।

(ii) जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उपाय करना।

(iii) विभिन्न स्कीम को कार्यान्वित करते समय विभागों कर्मचारिवृंदों, ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों के द्वारा निधियों के सकल गलत उपयोग, भ्रष्ट आचरण आदि के मामलों के प्रति सतर्कता बरतना और सभी विभागों के संबंधित प्राधिकारियों के ध्यान में लाना ।

(iv) जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण।

(v) सामुदायिक और व्यक्तिगत सिंचाई कार्यों का कार्यान्वयन।

9. राजस्व विभाग:-

(i) संघ राज्य क्षेत्र की ब्लॉक स्तर पर बेकार और खाली भूमि जो किसी अन्य सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक नहीं है , का उपयोग करने के लिए नीति तैयार करने के लिए भूमिहीन और आवासहीन परिवारों और व्यक्तियों की पहचान करने में राजस्व प्राधिकारियों की सहायता करना ।

(ii) पंचायतों को राजस्व मामलों में सौंपे गए कार्य और संघ राज्य क्षेत्र, कछराई, जल निकायों और साझी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए ब्लॉक स्तर पर नीति तैयार करना।

(iii) कानूनी कार्यवाही के संचालन में कानूनी मशीनरी की सहायता (जैसे पूरे क्षेत्र में नोटिस का प्रकाशन, विभिन्न हलका पंचायतों के क्षेत्रों में खाली संघ राज्य क्षेत्र की भूमि की पहचान, आदि)

(iv) यथास्थिति राजस्व रिकॉर्ड में गलत प्रविष्टियाँ, भ्रष्ट आचरण अभिलेखों में छेड़छाड़ और भूमि के रूपांतरण के बारे में, तहसीलदार, एसडीएम और उपायुक्त या उच्च प्राधिकारियों को रिपोर्ट करना ।

(v) वार्षिक गिरदावरी के संचालन, जामाबंदी की तैयारी और अन्य सभी राजस्व दस्तावेजों के माध्यम से भूमि रिकॉर्ड के समय-समय पर अद्यतन करने में स्थानीय प्रशासन और राजस्व अधिकारियों को सहायता करना।

10. समाज कल्याण विभाग: -

(i) स्कीमों के दिशा-निर्देशों के अनुसार ब्लॉक विकास परिषद क्षेत्र को विभिन्न स्कीमों को लागू करने में विभागों के कर्मचारीवृंद का मार्गदर्शन और सहायता करना।

(ii) कार्यक्रमों के सुचारू कार्यान्वयन में लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करने में सहायता करना।

(iii) विकलांग, वृद्ध, निराश्रित, विधवा, बच्चों, अल्पसंख्यकों, एससी, एसटी और ओबीसी के कल्याण के लिए स्कीमों के कार्यान्वयन में जिला स्कीम और विकास बोर्ड और पंचायतों के साथ समन्वय करना ।

(iv) नशीली दवाओं के दुरुपयोग, कन्या भ्रूण हत्या और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध लोगों में जागरूकता पैदा करने और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और लाडली बेटी, वन स्टॉप सेंटर, प्रधान मंत्री मातृत्व वंदना स्कीम , आदि जैसी स्कीमों के कार्यान्वयन में जिला स्कीम और विकास बोर्ड के साथ समन्वय करना ।

(v) महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा को रोकने के लिए बनाए गए विधियों के बारे में महिलाओं के बीच जागरूकता पैदा करने और ब्लॉक स्तर पर महिलाओं और बच्चों के विकास और सशक्तिकरण के संबंध में कार्यक्रमों के संवर्धन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए शिविरों का आयोजन करना।

(vi) स्वयं सहायता समूहों, गैर-सरकारी संगठनों और सामुदायिक स्तर के संगठनों के माध्यम से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े समुदायों, बाल आश्रमों, नेत्रहीन आश्रय स्थलों, नारी निकेतन, वन स्टॉप होम, किशोर न्याय गृहों और ऐसे अन्य सामाजिक न्याय संस्थानों के लिए छात्रावास की स्कीम और प्रबंधन ।

(vii) अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों और पिछड़े समुदायों के विरुद्ध ऐसी सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाओं, जो उनकी स्वतंत्रता और व्यक्तिगत और समुदाय की गरिमा को कम करती है, को रोकने के लिए जागरूकता अभियान ।

(viii) हलका पंचायतों द्वारा वृद्धावस्था, विधवा पेंशन और दिव्यांग और नि:शक्त लोगों की पेंशन की निगरानी।

11. पर्यटन विभाग: -

(i) ब्लॉक विकास परिषद क्षेत्र में अंतर- हलका पंचायतों के पर्यटन स्थलों की पहचान और उनके विकास का प्रस्ताव।

(ii) ब्लॉक विकास परिषद में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना।

(iii) ब्लॉक विकास परिषद के अधिकारिता के अधीन पर्यटन केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना।

(iv) ब्लॉक विकास परिषद को अंतरण की सीमा तक ब्लॉक विकास परिषद को अंतरित दायरे में पर्यटक आकर्षण स्थलों का विकास और रखरखाव ।

12. आपदा प्रबंधन:-

(i) ब्लॉक विकास परिषद स्तर पर आपदा प्रबंधन सुविधाओं का निर्माण और रखरखाव।

(ii) ब्लॉक स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियों का निर्माण और नागरिक सुरक्षा समितियों की पहचान और रजिस्ट्रीकरण ।

(iii) ब्लॉक स्तर पर आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए युवाओं की पहचान।

(iv) आपदाओं के पीड़ितों को राहत और मुआवजा प्रदान करने में जिला प्रशासन और हलका पंचायत की सहायता करना।

(v) आपदाओं के संबंध में शमन कार्यक्रमों का संचालन।

13. पुस्तकालय: -

(i) ब्लॉक स्तर पर बैठने की सुविधा, पुस्तकें आदि प्रदान करने सहित पुस्तकालयों और वाचनालय का निर्माण, प्रबंधन और निगरानी।

14. खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ: -

(i) अंतर-पंचायत स्तर पर कला और संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन।

(ii) ब्लॉक स्तर पर युवा क्लबों को बढ़ावा देना।

(iii) सांप्रदायिक और धार्मिक सद्भाव बनाए रखना ।

(iv) विभिन्न अंतर-पंचायत उत्सवों के आयोजन के लिए ब्लॉक स्तर पर सांस्कृतिक केंद्र, सामुदायिक हॉल और ओपन एयर थिएटर का निर्माण और प्रबंधन।

(v) अंतर पंचायत स्तर पर युवा उत्सव और अन्य गतिविधियों का आयोजन ।

(vi) जीवन कौशल शिक्षा और नेतृत्व प्रशिक्षण प्रदान करना और अंतर-पंचायत स्तर पर युवाओं के लिए मनोरंजक गतिविधियों का संचालन करना।

15. ग्रामीण विकास विभाग: -

(i) अनुसूची I-क के अनुसार अंतरित की गई स्कीमों के अधीन अलग-अलग स्कीमों के अधीन हलका पंचायत की वार्षिक कार्रवाई योजनाओं का समेकन और हलका पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण करना।

(ii) अनुसूची II-क के अनुसार सरकार द्वारा अंतरित सीमा तक विभिन्न स्कीमों के अधीन अंतर-पंचायत स्कीम ओं की तैयारी और कार्यान्वयन।

(iii) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अधीन पात्र परिवारों को जॉब कार्ड के वितरण की निगरानी करना।

(iv) सभी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की निगरानी और मूल्यांकन और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य लाभार्थियों को सम्मिलित करना।

(v) नियमों के अनुसार सरकार द्वारा अंतरित शक्तियों की सीमा तक सामुदायिक आस्तियों से प्राप्त उपज की नीलामी का आयोजन ।

(vi) मेलों, मंडियों और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन स्थलों का विकास और रखरखाव ।

(vii) ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रमों की निगरानी और पर्यवेक्षण तथा हलका पंचायतों द्वारा उनका निष्पादन।

(viii) ब्लॉक विकास परिषद की सामुदायिक संपत्ति के दुरुपयोग की रोकथाम।

(ix) विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता शिविर आयोजित करना।

(x) विभिन्न ग्रामीण विकास स्कीम ओं के अधीन बनाई गई सामुदायिक आस्तियों के उपयोग की निगरानी करना ।

(xi) ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन परिस्कीम ओं की स्थापना और रखरखाव।

(xii) ग्राम पंचायत को तकनीकी सहायता प्रदान करना।

16. अन्य कार्य:-

(i) ब्लॉक स्तरीय सहकारी समितियों को बढ़ावा देना।

(ii) पर्यावरण और पारिस्थितिकी की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायतों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।

(iii) ब्लॉक डेटा का संग्रह और संकलन और डेटा बेस का अनुरक्षण।

(iv) ब्लॉक के इतिहास, संस्कृति और विरासत का अभिलेखन।

(v) ब्लॉक के मानव विकास को अवधारित करने के लिए सर्वेक्षण और अध्ययन करना।

(vi) मानव विकास सूचकांक की आवधिक गणना।

(vii) लोगों को सभी डेटा उपलब्ध कराना।

(viii) सभी सरकारी स्कीमों के बारे में जागरूकता सृजन और सूचना देना, शिक्षा और संचार गतिविधियाँ करना ।

(ix) सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी या संगठन द्वारा अंतरित ब्लॉक में निहित सभी सामुदायिक आस्तियों का अनुरक्षण ।

(x) सामुदायिक आस्तियों का संरक्षण और रखरखाव।

अनुसूची II-ख

(धारा 31 देखें)

1. इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, ब्लॉक विकास परिषद के पास क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए विभिन्न कर्तव्यों और कार्यों को करने की शक्तियां निहित होंगी और इस अधिनियम द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों को पूरा करने के लिए, ब्लॉक विकास परिषद को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता होगी ।

2. धारा 28 की उप-धारा (3) में यथा अंतर्विष्ट प्रत्येक ब्लॉक विकास परिषद में एक सदस्य सचिव होगा जो ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग का ब्लॉक विकास अधिकारी होगा और ब्लॉक विकास अधिकारी का कार्यालय ब्लॉक विकास परिषद सचिवालय के रूप में कार्य करेगा।

